संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 259 सोमवार 21 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## ममता बनर्जी आज फूकेंगी चुनावी बिगुल

### भाजपा से मुकाबले की रणनीति का करेंगी ऐलान

**कोलकाता,20 जुलाई 2025 (ए)।** पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव है,लेकिन एक साल पहले से ही पूरा बंगाल चुनावी मोड में है। सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शहीद सभा को संबोधित करेंगी और 2026 के चुनाव की रणनीति का ऐलान करेंगी। अगले साल चुनाव से पहले 21 जुलाई की ममता की आखिरी सभा है।. तृणमूल कांग्रेस पहले ही भाजपा शासित राज्यों में बंगालियों के उत्पीड़न के मुद्दे पर बोल चुकी है। ममता बनर्जी ने बंगाली अस्मिता को मुद्दा बनाना शुरू कर दिया है। ममता बनर्जी का आरोप है कि भाजपा बांग्ला भाषियों को निशाना बना रही है और उसे बांग्लादेशी करार दिया जा रहा है। सोमवार की शहीद सभा से ममता बनर्जी एक बार फिर से एनडीए सरकार पर निशाना साधेगी।

यह सभा न सिर्फ पार्टी के लिए राजनीतिक संकल्प का प्रतीक रही, बल्कि इस बार यह बंगाली अस्मिता,केंद्र बनाम राज्य और भाजपा के खिलाफ जन भावनाओं को एकजुट करने की रणनीति के रूप में उभरी हैं।

अगले साल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा पहले ही सक्रिय हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य का दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दो बार राज्य का दौरा कर चुके हैं और अपनी सभा में तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। अब ममता बनर्जी भी ममता बनर्जी के खिलाफ अपनी रणनीति का ऐलान सोमवार की शहीद सभा से करेंगी।



### चुनावी बिगुल फूकेंगी ममता बनर्जी

इस वर्ष की 'शहीद सभा' इसलिए भी अहम है,क्योंकि यह 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी की अंतिम बड़ी सार्वजनिक सभा मानी जा रही है। भाषण के दौरान ममता द्वारा बंगालियों के उत्पीड़न, राज्य के प्रति केंद्र की 'उपेक्षा',और केंद्र सरकार द्वारा 'राज्य के बकाया फंड' न देने जैसे मुद्दों को उठाए जाने संभावना है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इस बार तृणमूल कांग्रेस अपनी चुनावी रणनीति को बंगाली अस्मिता के इर्द-गिर्द केंद्रित करेगी।

इस बार तृणमूल कांग्रेस ने 21 जुलाई के कार्यक्रम से पहले ही सड़कों पर उतरकर विरोध की शुरुआत कर दी थी। 16 जुलाई को ममता और अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, जिससे यह संकेत साफ हो गया कि पार्टी इस बार चुनावी अभियान को लंबी दूरी तक ले जाने के मूड में है।

#### 21 जुलाई को क्यों ममता मनाती हैं शहीद सभा?

यह सभा हर साल 21 जुलाई को मनाई जाती है,जो 1993 में हुए उस आंदोलन की याद दिलाती है जिसमें ममता बनर्जी,उस समय युवा कांग्रेस नेता के रूप में, मतदाता पहचान पत्र को अनिवार्य करने की मांग को लेकर राइटर्स बिल्डिंग की ओर मार्च कर रही थीं। पुलिस की फायरिंग में उस दिन 13 कार्यकर्ताओं की जान चली गई था। इस घटना ने ममता बनर्जी की राजनीतिक सोच और करियर को पूरी तरह बदल दिया।1998 में तृणमूल कांग्रेस के गठन के बाद यह दिन पार्टी के लिए शहीद दिवस बन गया। शहीद सभा अब केवल श्रद्धांजलि का आयोजन नहीं,बल्कि तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनावी अभियान, जनसंघर्ष, और राजनीतिक संकल्प का केंद्र बन चुकी है। ममता बनर्जी ने इस मंच से 2026 के चुनावों के लिए संदेश देंगी।



## आज से संसद का मानसून सत्र प्रारंभ

### विपक्ष के पांच मुद्दों पर सदन में मचेगा हंगामा

**नई दिल्ली,20 जुलाई 2025 (ए)।** 21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू हो रहा है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। करीब 108 दिन बाद संसद का यह सत्र हो रहा है और इस दौरान कई बड़े घटनाक्रम सामने आ चुके हैं कश्मीर का पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, अहमदाबाद विमान हादसा और बिहार में वोटर लिस्ट का विशेष पुनरीक्षण जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है।

#### पहलगाम आतंकी हमला:विपक्ष पूछेगा जवाब

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। अब तक हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिला है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार से तीखे सवाल पूछने की तैयारी में है जैसे कि खुफिया विफलता, कार्रवाई की दिशा और राष्ट्रीय सुरक्षा पर केंद्र की नीति।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश नीति को लेकर घेराबंदी

6-7 मई की रात भारत ने पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर ब्रह्मोस मिसाइल से हमला किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले के बाद दावा किया कि दोनों देशों के बीच टकराव को उन्होंने रोका। इस बयान ने विपक्ष को मौका दे दिया है कि वो मोदी सरकार की विदेश नीति और सैन्य रणनीति पर सवाल उठाए। विपक्ष यह भी जानना चाहता है कि इस ऑपरेशन में भारत को कितना नुकसान हुआ।

#### एयर इंडिया हादसा:जांच और जवाबदेही पर सवाल

अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आने के बावजूद सवाल बाकी हैं। विपक्ष का कहना है कि हादसे की जिम्मेदारी किसकी थी, और क्या इसे रोका जा सकता था? कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस मुद्दे को जोरशोर से उठाएंगे।

#### बिहार वोटर लिस्ट का मुद्दा गरमाएगा संसद

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चल रहे वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर विपक्ष ने पहले ही चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर की जा रही है। इस मसले को संसद में उठाकर विपक्ष सरकार से सफाई मांगेगा।

#### विपक्ष एकजुट,रणनीति तय

मानसून सत्र से पहले 19 जुलाई को कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक की वर्चुअल बैठक बुलाई थी, जिसमें सोनिया गांधी ने नेतृत्व किया। बैठक में तय हुआ कि विपक्ष इस बार सरकार को बिहार वोटर लिस्ट,ऑपरेशन सिंदूर,मणिपुर हिंसा,बालासोर आत्मदाह,और एयर इंडिया हादसे जैसे मामलों पर संसद के भीतर और बाहर आक्रामक रुख अपनाएगा।


## संक्षिप्त खबरें

### कोलकाता में छिपा था चंदन मिश्रा हत्याकांड का मुख्य शूटर तौसीफ उर्फ बादशाह,बिहार एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**पटना/नई दिल्ली ,20 जुलाई 2025 (ए)।** पटना के पारस हॉस्पिटल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या के सनसनीखेज मामले में बिहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोलकाता के न्यू टाउन में छापेमारी कर बिहार एसटीएफ, पश्चिम बंगाल और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुख्य शूटर तौसीफ उर्फ बादशाह, उसके मौसेरे भाई नीशू खान सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बादशाह को इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा है,और उसकी गिरफ्तारी से साजिश के अन्य लोगों का पर्दाफाश होने की उम्मीद है। इस हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों में सचिन सिंह,हर्ष उर्फ हरीश कुमार,भीम कुमार और एक महिला शामिल हैं।



### अरबपति विधायक से 520 करोड़ वसूलेगी भाजपा सरकार



#### 3 खदानों पर कसा शिकंजा

**भोपाल,20 जुलाई 2025 (ए)।** कटनी और जबलपुर में सालों से चल रही अवैध खुदाई पर अब सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। मध्यप्रदेश सरकार ने बीजेपी विधायक संजय पाठक से जुड़ी तीन माइनिंग कंपनियों से 520 करोड़ रुपये की वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें से 440 करोड़ रुपये अवैध आयरन अयस्क खनन के हैं, जबकि बाकी 80 करोड़ रुपये से ज्यादा तस्कर चोरी का जुर्माना है। ये कार्रवाई निर्मला मिनरल्स, आनंद माइनिंग और पेसिफिक एक्सपोर्ट नाम की तीन कंपनियों पर हुई है। इन कंपनियों ने घोषित सीमा और पर्यावरणीय मंजूरी से काफी ज्यादा खनन किया। जांच में सामने आया कि इन्होंने सिहोरा तहसील के दुबियारा, घुघरी, प्रतापपुर, अगरिया और टिकरिया में खदानें चलाई वो भी तय दायरे से कहीं आगे जाकर।

### एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर

**अहमदाबाद,20 जुलाई 2025 (ए)।** गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को बुराडी कांड जैसी घटना सामने आई है जहां एक ही परिवार के पांच लोगों ने कथित रूप से जहर खाकर जान दे दी। मृतकों में पति-पत्नी उनकी दो बेटियां और एक बेटा शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। सामूहिक खुदकुशी की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## छत्तीसगढ़ में भूमि-अधिग्रहण प्राधिकरण गठन करने का आदेश



**सारंगढ़,20 जुलाई 2025 (ए)।** पबिलाईगढ़ निवासी बाबूलाल ने एडवोकेट अभिनव श्रीवास्तव के जरिए सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका लगाई थी। इसमें बताया कि राज्य में सालों से भूमि अधिग्रहण प्राधिकरण का गठन नहीं हो सका है।इसके चलते मुआवजा और ब्याज से जुड़ी सैकड़ों अर्जियां अधर में लटकी हुई हैं।

## राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री से सम्मानित शिक्षक पर छात्राओं से यौन उत्पीड़न का आरोप

**नर्मदापुरम,20 जुलाई 2025 (ए)।** नर्मदापुरम में शिक्षा जगत को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। मामले में जिले के एक सम्मानित शिक्षक आशीष पांडे को छात्राओं से यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक के खिलाफ पॉस्को एक्ट और अन्य धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है।






#### छात्राओं ने लगाए गंभीर आरोप

मामले में 6 छात्राएं थाने पहुंचीं और महिला पुलिस अधिकारी को शिकायती आवेदन सौंपा। छात्राओं ने बताया कि शिक्षक अक्सर उन्हें अशोभनीय तरीके से छूते हैं और टेंपरेचर चेक करो जैसे बहाने बनाकर अश्लील हरकतें करते हैं। छात्राओं का कहना है कि जब वे विरोध करती हैं, तब भी वह जबरदस्ती करते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले साल भी इस संबंध में स्कूल प्रबंधन से शिकायत की गई थी लेकिन तब मामले को दबा दिया गया। छात्राओं ने मांग की थी कि आरोपी शिक्षक को तुरंत निलंबित किया जाए, ताकि आगे कोई छात्रा ऐसी हरकतों का शिकार न हो।

#### शिक्षक निलंबित, गिरफ्तारी की मांग तेज

छात्राओं की शिकायत के बाद संभागीय संयुक्त संचालक मनीष वर्मा ने आशीष पांडे को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं पीड़ित छात्राओं और उनके परिजनों ने शिक्षक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। इस घटना ने शिक्षा विभाग, छात्रों और अभिभावकों के बीच निराशा और आक्रोश पैदा कर दिया है।

## मद्रास हाईकोर्ट ने ईडी के अधिकारों पर उठाए गंभीर सवाल



**नई दिल्ली,20 जुलाई 2025 (ए)।** मद्रास उच्च न्यायालय ने हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के अधिकारों पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि ईडी को किसी भी मामले में बिना पूर्व संकेत के अपनी जांच शुरू करने का अधिकार नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ईडी कोई ऐसा 'ड्रोन' या 'आत्मघाती हथियार' नहीं है जो जिस पर चाहे हमला कर दे, न ही वह कोई 'सुपर कॉप' है जो हर मामले में हस्तक्षेप कर सकता है। मद्रास हाईकोर्ट की खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति एमएस रमेश और न्यायमूर्ति वी लक्ष्मीनारायण शामिल हैं, ने कहा कि ईडी केवल तभी जांच कर सकता है जब उसे प्रधानमंत्री वित्तीय धोखाधड़ी निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत किसी अपराध का ठोस संकेत मिले। यदि पूर्व अपराध के कोई प्रमाण या संकेत नहीं हैं, तो पीएमएलए अधिनियम के तहत जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह मामला आरकेएम पॉवरजेन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी की 901 करोड़ रुपये की सावधि जमा राशि जब्त करने से जुड़ा हुआ है। कंपनी ने आरोप लगाया कि ईडी ने बिना उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना यह कार्रवाई की है और इसके खिलाफ अदालत में याचिका दायर की है।

## निचली अदालतों को केरल हाई कोर्ट का आदेश

### एआई के इस्तेमाल से बचें,वर्ना होगी कार्रवाई



**त्रिवेन्द्रम,20 जुलाई 2025 (ए)।** केरल हाई कोर्ट ने निचली अदालतों को न्यायिक आदेश जारी करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया है। यह देश में अपनी तरह का पहला ऐसा फैसला है। हाई कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों और अन्य के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि चैटजीपीटी जैसे क्लाउड-आधारित एआई उपकरणों का इस्तेमाल आदेश जारी करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट में आज होगी स्मार्टवर्क्स ओपीआई पर सुनवाई



**नई दिल्ली,20 जुलाई 2025 (ए)।** स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग के ₹583 करोड़ के आईपीओ को मिली मंजूरी के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई होगी। यह याचिका पब्लिक पॉलिसी समूह 'इन्फ्रास्ट्रक्चर वॉचडॉग' ने दायर की है।

## अब स्कूलों में भी होगा बच्चों का आधार कार्ड अपडेट




**नई दिल्ली,20 जुलाई 2025 (ए)।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण अब बच्चों के आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर नई योजना पर काम कर रहा है। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने बताया कि संस्था आने वाले दो महीनों में स्कूलों के ज़रिए चरणबद्ध तरीके से यह प्रक्रिया शुरू करेगी।

#### 7 करोड़ से ज्यादा बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट बाकी

कुमार के मुताबिक,देश में 5 साल से ऊपर के करीब 7 करोड़ बच्चों ने अब तक अपना अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट नहीं करवाया है। यह अपडेट बच्चों की उम्र बढ़ने के साथ उनकी पहचान की सटीकता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

#### स्कूलों के माध्यम से आसान प्रक्रिया

यूआईडीएआई की योजना के तहत, अभिभावकों की अनुमति से स्कूलों में बच्चों का बायोमेट्रिक डेटा अपडेट किया जाएगा। इसके लिए एक तकनीकी परीक्षण चल रहा है, जो अगले 45 से 60 दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। प्राधिकरण का कहना है कि बच्चों तक आसानी से पहुंचने और प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए हर जिले में बायोमेट्रिक मशीनें भेजी जाएंगी, जो एक स्कूल से दूसरे स्कूल में घुमाई जाएंगी।

#### समय पर अपडेट जरूरी, वरना आधार हो सकता है निष्क्रिय

यूआईडीएआई के नियमों के अनुसार,यदि 7 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट नहीं किया गया, तो आधार निष्क्रिय हो सकता है।

## 70 वर्षीय बुजुर्ग को पहले थूक चटवाया फिर बेरहमी से पीटा



**रांची,20 जुलाई 2025 (ए)।** रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत खुखरा गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पर महिला से छेड़खानी का आरोप लगाकर कुछ दबंगों ने बेरहमी से पिटाई की और सरेआम थूक चटवाया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

# संपादकीय

## बिहार में डोमिसाइल नीति लागू

विधानसभा चुनाव से ऐन पहले महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण की बात की है। अब तक सभी महिलाओं को मिलने वाले इस आरक्षण पर नीतीश कैबिनेट ने डोमिसाइल नीति लागू की है। यह स्थानीय प्रमाण-पत्र होता है। राज्य सरकारें इनके आधार पर स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरियों,शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय योजनाओं में प्राथमिकता देती हैं।इसके बाद अन्य राज्यों की महिलाएं भी सामान्य कोटे में आवेदन कर सकेंगी। यह व्यवस्था पहले ही हरियाणा,मप्र,हिप्र,राजस्थान और उत्तराखंड में लागू है। बिहार के युवा अन्य राज्यों की नीति के चलते नुकसान झेलने की बात करते रहे हैं। बैठक में कुल 43 एजेंडों पर मुहर लगी जिनमें युवा आयोग और दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना भी है। दिव्यांगों को प्रोत्साहित करने तथा पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को पिछड़ा, सामान्य और आर्थिक तौर पर कमजोर युवाओं के लिए यह योजना है।बिहार में 60 प्रतिशत जातीय-आर्थिक आरक्षण पहले से ही लागू है। 35 प्रतिशत मूल बिहारी महिलाओं के इस आरक्षण के बाद यह बढ़ कर 74 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा जिसका सीधा असर अनारक्षित वर्ग पर पड़ेगा जिसके लिए बस 14 प्रतिशत सीटें ही बचेंगी। वर्तमान में राज्य में 18 प्रतिशत अतिपिछड़ा, 12 प्रतिशत अन्य पिछड़ा, 16 प्रतिशत एससी, एक प्रतिशत एसटी और ओबीसी महिलाओं का 3 प्रतिशत आरक्षण लागू है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 10 प्रतिशत भी है। शीर्ष अदालत द्वारा आरक्षण की सीमा पर लगाम लगाने की नसीहतों को चुनौती देते हुए राज्य सरकारें चुनावी लाभ के लोभ में इस तरह की कवायद करती रहती हैं। समर्थकों और मतदाओं को लुभाने के आधार पर आरक्षण के जाल फेंकती हैं। विपक्ष का भी आरोप है कि मतदाताओं के रुझान का आभास होते ही नीतीश सरकार द्वारा यह दांव चला गया है। हालांकि देखने में आता है कि महिलाओं की लाभकारी योजनाओं का ऐलान करके पूर्ववर्ती सरकारों ने खासा चुनावी लाभ लिया था। मगर यह उन शिक्षित और जरूरतमंद महिलाओं के भविष्य के लिए बेहतर साबित हो सकता है,जो विभिन्न कारणों से नौकरी के लिए परिवार से दूर नहीं जा सकतीं। दिव्यांगों को सिविल सेवा के लिए तैयार करने की यह योजना यदि सार्थक रहती है, तो इसे देश के स्तर पर लागू करने के प्रयास भी होने चाहिए।

# पार्श्वभूमि की धूमिलताःजनप्रहरी दादूलाल दिनेश पारीवाल



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
बालाघाट, मध्यप्रदेश

साभार दस्तक,युगेश चौबे! बालाघाट जिले की पार्श्वभूमि की धूमिलता में यदि प्रतिभाशाली व्यक्तित्व-कृतित्व,जनप्रहरी,अज्ञात संगीत, कलाप्रेमी, जनगायक, कवि, नाटककार, कहानी लेखक, अध्यापक,व्यंग्यकार और सर्वोपरि एक शिक्षा संगठक के रूप में यदि किसी एक व्यक्ति की खोज की जावे तो वे होंगे दादूलाल दिनेश पारीवाल। आपका जन्म 4 जून 1906 को मध्यप्रदेश, बालाघाट जिले के वारासिवनी के एक बहुत ही गरीब विश्वकर्मा परिवार माता सावित्री-पिता जगलीन लाल पारीवाल घर हुआ। प्राथमिक शिक्षा पास करने के पश्चात् पिताजी की कम आमदनी के कारण एक दो साल इनका यूं ही बीता। आखिर बालक ददू या दादूलाल के स्वयं स्फूर्त प्रयासों से अपना नाम शासकीय हाईस्कूल बालाघाट में लिखवाकर ही छोड़ा। अपने मर्जी के विरूद्ध पुत्र को आगे पढ़वाने का काम पिता को असंभव नहीं तो दूभर अवश्य हो गया। जहां एक ओर पिता की गरीबी के कारण बालक को आगे पढ़ाने में पस्त हिम्मत होते। वहां बालक उत्साह के साथ शासकीय छात्रवृत्ति ने इनके आगे के अध्ययन को गति और बल दिया। तभी ही इनकी विशेषता का परिचय तो जनमानस, छात्रों और शिक्षकों का संभवतः मिल ही चुका था।

लगभग आप पच्चीस वर्ष के रहे होगें आपने भक्त सूरदास में विल्व मंगल का काम किया था। आपने संवाद, स्वलिखित भाषण और गीतों की स्वरलहरियों से समस्त दर्शकों को रूला दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप देवीचरण निर्गुण ने आपको स्वर्णपदक दिया था। इसके पश्चात् आपका महाविद्यालयीन जीवन आरंभ हुआ, जो विशेष आर्थिक संकटमय रहा। आपका रंगमंच पर आने वाला पहला नाटक दिग्दर्शन



हिस्लाप कॉलेज,नागपुर के रंगमंच पर अभिनीत हुआ। जिसमें भवानी पचौरी, जर्नादन वेडेकर,अवकाश प्राप्त डिप्टी कमिश्नर नरेन्द्रनाथ पान्डे, चिन्तामनराव ओतलवार वीरेन्द्रकुमार रायजादा,रामगोपाल पुजारी,तथा उमाचरण दुबे जैसे ख्याति प्राप्त व्यक्तियों ने भाग लिया था। आपको पुनः स्वर्णपदक एवं इंकावन रूपयों की पुस्तकों का पुरस्कार मिला था। तब से आप रंगमंच के चर्चित व्यक्ति हो गये। मारीस कालेज में बीए कक्षाओं में रहते-रहते उन दिनों के प्रसिद्ध अभिनेता बेजामीन, रघुवीर सावरकर तथा सोहराब मोदी के सम्पर्क में आये। उतरोक्त्तर मौत की रात,पाशविक पिपासा,अमृत या विष,आदि नाटकों की व्यवसायी नाटक मंडली द्वारा मांग बढ़ने लगी। नाटक मंडली के प्रमुख अभिनेता बेजामीन,रघुवीर सावरकर, तथा सोहराब मोदी साथ रहकर लखनऊ, इलाहबाद, कानपुर, झांसी, बम्बई में उपरोक्त नाटकों का स्टेज प्रोग्राम किया। काफी समय तक अभिनेता सोहराब मोदी के साथ रहे। सोहराब मोदी कि फिल्मों के लिये गीत तथा संवाद लेखन में किसी और का नाम चित्रपट पर आने के कारण इनके मानसिकता पर एक जबरदस्त ठेस लगी। उसी समय स्पेंशटेऊनींग कालेज जबलपुर के लिये बीटी का चुनाव होने के कारण आपको दिशा बदलनी पड़ी।

यहीं से आपके जीवन की दिशा बदली। एक नाटककार एक शिक्षक में खो गया वैसे तो 25 अगस्त 1930 को वारासिवनी में आपने एक मिडिल स्कूल केवल चार लड़कों से प्रारंभ कर चुके थे। गांव- गांव से आर्थिक मदद प्राप्त कर वर्तमान टिहली बाई हायर सेकेन्डरी स्कूल को आधा बनावा लिया था। तते पश्चात रायबहादुर पं बिहारी लाल ने शेष भाग को अपने स्वयं के खर्च से बनवाकर श्री पारीवाल को शैक्षिक स्वपन्न साकार करने की ओर अग्रेषित किया। अध्यापन के साथ साथ नाटक लेखन और दिग्दर्शन सम्हालते रहे। ततपश्चात आपने सारा बल अध्यापन कार्य में दिया तथा लेखन गौण कर दिया।

वैसे साहित्यिक पर अध्यापक हावी होने के कारण आपकी गंगा यमुना साहित्यिक धारा क्षीण हो जाना संभव था,किन्तु तिस पर भी आपने माखनचोर, सिंहगढ़, नगरपालिका, सलमा, चेचकराज, आदि नाटकों को जन्म दिया। कविताओं और कहानियों का भी अम्बार है। लगभग दो दर्जन पाठ्य पुस्तकें लिख डाली हैं, जिसमें विज्ञान और संस्कृत भी सम्मिलित है। अभिभूत, जिले के और आसपास के आप लोकगीतों के लिये विशेष प्रसिद्ध है। आपके कुछ लोकगीत का अंग्रेजी अनुवाद हो चुका है। जो सांग्स ऑफ दी फारेस्ट नामक पुस्तक में संग्रहित है। उक्त संग्रह लन्दन में प्रकाशित हुआ है। स्वाधीनता संग्राम के दिनों में जिन क्रान्तिकारियों ने अंग्रेजी शासन की बगावत की थी। उन क्रान्तिकारियों के बारे में सन 1942 में आजादी की लड़ाई नामक वीर रस से ओत प्रोत आल्हा अपनी लेखनी से प्रकाशित कर क्रान्तिकारियों का हौसला बुलन्द किया था। स्वतंत्रता के सिपाहियों के विषय में रचना आपके जीवन में जो आन्तरिक वेदना प्रस्फुरित हुई।

स्तुत्य, वारासिवनी में प्रतिष्ठित शंकर साव पटेल उपाधि महाविद्यालय से अवकाश प्राप्त लेने उपरान्त आपकी हार्दिक इच्छा रही कि वारासिवनी-बालाघाट के बीच ग्राम डॉगरिया में वैनगंगा विश्वविद्यालय खोलकर आने वाली पीढ़ी के लिये एक नया पृष्ट खोलना,पर सपना साकार ना हो सका। जिसके लिये जमीन भवन निर्माण के लिये तलाश ली थी। 10 जून 1989 को अपने ही द्वारा जय बालाघाट में लिखित गीत के अनुसार बस खुश रखी मेरे प्यारे जिले,तेरी ही गोद मुझको हरदम मिले की अभिलाषा में चिरनिंद्रा में लीन गए। शत-शत नमन!

# स्त्रियों के आर्थिक विकास से जुडी राष्ट्र की मुख्य धारा



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

भारत में महिलाओं के विकास का अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी,भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएं भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही है। इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा,प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग,स्पेस रिसर्च,विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी, एग्रीकल्चर,सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैं। सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25 प्रतिशत से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60 प्रतिशत महिलाएं ही हैं। महिलाओं द्वारा अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए कार्यस्थल पर कार्य करते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन परिस्थितियों में महिलाओं द्वारा दिए गए सामाजिक आर्थिक विकास के योगदान को पहचानते हुए सरकार ने मातृत्व लाभ अधिनियम 2016 तथा यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के माध्यम से अनुकूल वातावरण तथा महिलाओं को मातृत्व अवकाश देने के कई अच्छे प्रावधान भी उपलब्ध कराए हैं। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड अपने आंकड़ों से स्पष्ट करता है की किस प्रकार महिलाओं की श्रमबल में अधिक भागीदारी जीडीपी में अप्रत्याशित वृद्धि करता है। पूरा विश्व इस बात से सहमत है की महिलाएं कोमल है पर कमजोर नहीं एवं शक्ति का नाम ही नारी है। हिंदुस्तान के विकास में सही मायने में यदि 50 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की हो तो असाधारण क्षमता की धनी महिलाएं इस देश को विश्व के अन्य विकसित देशों में खड़ा कर सकती हैं,जरूरत इनकी शक्ति क्षमता एवं योग्यता को पहचानने की है। 21 वीं सदी में विश्व शक्ति रूप भारत के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक विकास में महिलाओं का सर्वांगीण विकास को आधार बनाकर आर्थिक महाशक्ति के स्वप्न को साकार किया जा सकता है।

# अंधविास की भट्टी में झुलसती मानवता

वही क्षण था जब चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर भारत का झंडा स्थापित कर विज्ञान की नई ऊंचाइयों को छू लिया, लेकिन उसी समय भारत के ही एक गांव में कुछ लोगों ने एक परिवार के पांच सदस्यों को डायन' कह कर जिंदा जला दिया।ये दो घटनाएं किसी कल्पना की उपज नहीं, बल्कि हमारे समय और समाज की दो परस्पर विरोधी सच्चाइयों का आईना हैं। एक ओर अंतरिक्ष में विजय तो दूसरी ओर अंधविास की भट्ठी में झुलसती मानवता।बिहार के पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में तीन महिलाओं और दो पुरु षों को डायन' बता कर पीटा गया और पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया। इस अमानवीय कृत्य में लगभग 150 लोगों की भीड़ शामिल थी। यह केवल हत्या नहीं, बल्कि उस तार्किक चेतना की हार थी जो हमारी संस्कृति और संविधान, दोनों में प्रतिष्ठित है। यह घटना एक गांव या राज्य की समस्या नहीं, उस सोच का परिणाम है जहां विज्ञान का दीपक जलाए बिना ही हम आधुनिक बनने का भ्रम पालते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2000 से 2016 तक बिहार में 2,500 से अधिक डायन-हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं। यह आंकड़ा केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि सवाल है कि हम किस दिशा में बढ़ रहे हैं? क्या तकनीक की प्रगति का लाभ चंद महानगरों और उच्च वर्ग तक ही सीमित रहेगा? क्या गांवों तक वैज्ञानिक सोच, संवेदनशीलता और मानवाधिकारों की चेतना पहुंची है? या फिर आधुनिकता मोबाइल और इंटरनेट की सुविधा तक ही सिमट गई है? यह घटना न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि संविधान और कानून की विफलता भी है। जब पूरा गांव एक अमानवीय कृत्य में शामिल हो, और पुलिस-प्रशासन निष्क्रिय बना रहे, तो सवाल उठता है कि लोकतंत्र के स्तंभ क्या चुनावों और भाषणों तक सीमित रह गए हैं? पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की उदासीनता इस पूरे तंत्र पर गहरी चोट है, जो दिखाती है कि संवैधानिक ढांचे के भीतर भी बहुत सी दरारें हैं, जिन्हें भरने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं, पूरे समाज की है।

**-अवनीश कुमार गुप्ता-**

# अफ़साना,हाथ से छूटा रिश्ता



डॉ. मुश्ताक अहमद शाह
हरदा मध्य प्रदेश

यूनिवर्सिटी के दिनों में वे दोनों साथ पढ़ते थे। दोस्ती धीरे-धीरे मोहब्बत में बदल गई और दोनों ने शादी कर ली। पति ने पत्नी की पढ़ाई पर अपनी जमा-पूंजी सब खर्च कर दी। किस्मत ने दोनों के लिए अलग रास्ते चुने,पत्नी एक ऊँची अफ़सर बन गई, और पति मामूली क्लर्क की नौकरी में लग गया।शुरुआत में प्यार था, अपनापन था, लेकिन फिर दूरियाँ बढ़ने लगीं। पत्नी रोज़ ऑफिस के लिए निकलती और पति चुपचाप उसके साथ पीछे वाली सीट पर बैठ जाता,धीरे-धीरे, पति-पत्नी के बीच एक अनकही दीवार खड़ी हो गई। पति बस अपने काम में खुद को डुबोए रहता। ऑफिस में अफसर के साथ पत्नी की बढ़ती नजदीकियों की चर्चा आम हो गई। अब वह अक्सर देर से घर आती, कभी ओवरटाइम का बहाना, तो कभी ऑफिस में ही रुक जाने की बात करती।



एक दिन पति अचानक ऑफिस पहुँच गया और पत्नी को अफसर के साथ बेहद करीब पाया। पल भर के लिए माहौल थम सा गया; दोनों ने उसे देखा,लेकिन कोई कुछ नहीं बोला। वह चुपचाप लौट आया। घर पर पत्नी ने समझाने की कोशिश की, कुछ नहीं है, बस साहब बहुत फ्रेंडली हैं। मगर पति ने कुछ नहीं कहा – कमरे में रह गई एक अनदेखी दरार।अगली सुबह वह बिना बताए घर से निकल गया। इसके बाद वह ऑफिस कभी नहीं लौटा, उसका इस्तीफ़ा पहुँच चुका था। दफ़्तर में किसी ने उसकी कमी महसूस नहीं की, सब कुछ पहले जैसा चलता रहा। अब वह अफ़सर अक्सर पत्नी के घर आने-जाने लगा। इस बीच पत्नी को शायद अहसास भी नहीं हुआ कि उसका असली हमसफ़र हमेशा के लिए खामोश होकर जा चुका है। समय बीतता गया। अफ़सर की मोहब्बत भी बस एक वक़्ती अहसास निकला,वह भी उस को छोड़ गया। अब वो पूरी तरह अकेली और लाचार रह गई। अब उसे जीवन के असली सबक समझ आने लगे,मोहब्बत की असलियत,पति की कुर्बानी, और वक़्त की अहमियत।

दूसरी तरफ,क्लर्क ने एक नए शहर में जाकर अपनी जिन्दगी दोबारा शुरू की। उसने फिर से पढ़ाई की, मेहनत की और कुछ सालों बाद एक बड़ी कंपनी में मैनेजर बनकर उसी शहर लौटा। ऑफिस में उसने अपनी सच्चाई, गुज़री हुई कड़वाहटें और तमाम सच एक समझदार, खूबसूरत लड़की के सामने रखे,जिसे उसने दिल से चाहा। लड़की ने उसकी ईमानदारी को सराहा और शादी के लिए हामी भर दी।

शादी के फंक्शन में उसने अपनी एक्स-वाइफ को भी बुलाया। वहाँ महफ़िल सजी हुई थी, सब लोग अपनी-अपनी पत्नियों के साथ खुशियाँ बाँट रहे थे। एक्स वाइफ की आँखों में पछतावे के आँसू थे। उसने रीना (नई दुल्हन) की तरफ देखकर कहा,तुम बहुत खुशकिस्मत हो...मुबारक हो! लेकिन उसकी आवाज़ में गहरे दुख और गुज़रे हुए पलों की टीस छुपी थी। एक्स पति उसके पास आया और मुस्कुराकर बोला, आइए, मैं आपको अपनी पत्नी से मिलवाता हूँ।वो चौंककर बोली, अरे ये तो रीना है! ये भी अपनी तो मेरी क्लासमेट ही थी... अभी-अभी मैं इससे मिली हूँ।महफ़िल में हँसी-खुशी की आवाज़ें गूँज रही थीं,लेकिन एक्स वाइफ की आँखों में केवल एक पुरानी दुनिया का खालीपन और पछतावे की चुप्पी थी। अब उसके हाथ से रिश्ता वैसे ही छूट चुका था जैसे रेत मुठ्ठी से धीरे-धीरे फिसल जाती है। सच यही है–वक्त और फैसले कभी लौटकर नहीं आते। जो हाथ छूट जाते हैं,उनकी पकड़ सिर्फ यादों और पछतावे में ही बाकी रह जाती है। मोहब्बत, मेहनत और खुद्दारी जिसने अपनाई, उसे नई खुशी मिल गई; और जिसने एक झूठे रिश्ते पर सब कुछ लुटा दिया, उसके हिस्से में सिर्फ अधूरी तन्हाई और आँसू रह गए।यह अफ़साना अपने अंदर मोहब्बत,पछतावा,जीवन के सबक और फिर से उठ खड़े होने की सच्ची तस्वीर समेटे हुए है। जब तक विश्वास और वफ़ादारी न हो, चाहे रिश्ता कोई भी हो, टिकता नहीं। असली महानता उसी की है,जो गिरने के बाद फिर सिर उठाकर ज़िंदगी का सामना करना सीख जाए।

# अंतरिक्ष में भारत की उड़ानःविज्ञान,साहस और आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

डुमानव इतिहास की परिधि पर जब भी कोई नया चक्र उभरता है,तो उसमें विज्ञान,कल्पना और आत्मबल की त्रयी सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा,जो एक समय टिन के डब्बों में साइकिलों पर रॉकेट लेकर चलने से शुरू हुई थी,आज न केवल चंद्रमा और मंगल की मिट्टी तक पहुँच चुकी है,बल्कि मानव संसाधन के नए क्षितिज भी गढ़ रही है। हाल ही में संपन्न हुई भारतीय मूल की गगनयात्री सुनीता विलियम्स की ऐतिहासिक वापसी,न केवल अमेरिका की सफलता है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष स्वप्नों को भी नए पंख दे गई है। उनके साहस ने भारत की आधी आबादी–नारी शक्ति–को यह संदेश दिया है कि अब अंतरिक्ष केवल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि आत्मबल,समानता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि ज़मीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूर्वानुमान,आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं–ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है। यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं।चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी 'गगनयान' मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहाँ सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन,जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, सिर्फ विज्ञान नहीं बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा। इस यात्रा का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें अब केवल वैज्ञानिक ही नहीं,आम भारतीय युवाओं के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। इसरो, रक्षा अनुसंधान संगठन और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है जहाँ विज्ञान, नवाचार, रोजगार और उद्यमिता एक साथ फल-फूल सकते हैं। सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, और अब भारत की युवा वैज्ञानिक–ये सब उदाहरण हैं उस शक्ति के जो अंतरिक्ष में भी 'सीमित' नहीं है। आज देश की बेटियाँ रोवर बना रही हैं,सॉफ्टवेयर कोड लिख रही हैं,रॉकेट डिजाइन कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष केंद्रों में



महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी इस मिथक को तोड़ती है कि विज्ञान केवल पुरुषों का क्षेत्र है। यह केवल लैंगिक समानता की बात नहीं, यह सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की नींव है। जब एक लड़की अंतरिक्ष में जाती है, तो पूरे समाज का सोचने का तरीका बदलता है। देश के नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, सरकारी स्कूलों, और ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अब स्पेस क्लब्स का हिस्सा हैं। नन्हे वैज्ञानिक अब मोबाइल एप्लिकेशन से रॉकेट लॉन्च की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, और निजी स्टार्टअप्स जैसे अग्निकुल,स्काईरूट, और पिक्सेल अंतरिक्ष आधारित स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दे रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पढ़ाई या परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार सृजन,नवाचार,और आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव भी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब सिर्फ सपना नहीं, योजनाबद्ध यथार्थ बनता जा रहा है। भारत में 2021 में स्थापित हुए अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 30 से बढ़कर 2025 में 190 से अधिक हो चुकी है। इस वृद्धि के पीछे न केवल सरकारी नीतियाँ हैं, बल्कि वह युवा ऊर्जा भी है जो रिस्क लेने को तैयार है। अब भारतीय युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरफ नहीं देख रहा, वह अब सोचता है कि वह क्यों न खुद एक उपग्रह विकसित करे? क्यों न वह 'लॉन्च सर्विस' उपलब्ध कराए? क्यों न वह अंतरिक्ष कचरे की सफाई पर स्टार्टअप शुरू करे? यह वही 'नया भारत' है, जो न केवल ख्वाब देखता है, बल्कि उन्हें साकार भी करता है। भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल एक अनुसरणकर्ता नहीं, एक पथप्रदर्शक बनता जा रहा है। अफ्रीका,एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई देश भारत से सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। भारत द्वारा 'सार्क सैटेलाइट' का निर्माण यह दर्शाता है कि वह विज्ञान को केवल राष्ट्रहित में नहीं, विश्वहित में भी प्रयोग करना चाहता है। भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना अब पृथ्वी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ब्रह्मांड तक विस्तार पा रही है।

हालांकि यह भी आवश्यक है कि अंतरिक्ष विज्ञान के इस उत्साह को तर्क और जिम्मेदारी के साथ देखा जाए। विज्ञान का उपयोग यदि केवल आत्मप्रशंसा या राजनीतिक प्रचार के लिए हो, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का उपक्रम नहीं, बल्कि गाँव-गाँव में शिक्षा,स्वास्थ्य,संचार और आपदा राहत पहुंचाने का भी माध्यम है। सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो विज्ञान को लोकमंगल से जोड़ता है,न कि केवल मीडिया तमाशा बनाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल रॉकेटों की गिनती नहीं है। यह देश की चेतना, आत्मबल, नवाचार,और युवाशक्ति की उड़ान है। जब कोई बच्चा गाँव की मिट्टी से उठकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का सपना देखता है, जब कोई युवती कहती है कि वह सुनीता विलियम्स या कल्पना चावला बनना चाहती है, और जब कोई शिक्षक अपने छात्रों को ब्रह्मांड के रहस्यों से अवगत कराता है–तब समझिए कि भारत सचमुच उड़ रहा है। और यह उड़ान, केवल आकाश की ओर नहीं,एक समावेशी, स्वावलंबी और वैज्ञानिक समाज की ओर है। इसलिए, आइए हम विज्ञान को केवल प्रयोगशालाओं में सीमित न करें,उसे घर-घर तक पहुँचाएं। विज्ञान का दीपक केवल रॉकेट नहीं बनाता, वह आशा,समानता और आत्मनिर्भरता की लौ भी जलाता है। अंतरिक्ष में भारत की यह यात्रा यहीं नहीं थमेगी–यह हर उस हृदय की धड़कन बनेगी, जो सोचता है, जो गढ़ता है, और जो उड़ना चाहता है।

## कविता
## बात करें भोले की...

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी
गांधीनगर,इंदौर
मध्यप्रदेश

जब-जब बात करें भोले की,
बात हमारी सुन लेना,
जीवन की रस धार हैं भोले,
उनके मन की कर लेना।
जब-जब बात ....
और नहीं कोई ठौर है दूसरा,
खड़े हुए जिस और हैं भोले,
भांति-भांति के चेहरे उनके,
सबमें प्राण भरे हैं भोले।
जब-जब बात ....
मन भर कर बातें भोले की,
करते हैं हम सुबह-सवेरे,
भोले आकर सब सुनते हैं,
डाल कर घर में मेरे डेरे।
जब-जब बात ....
सावन नें ली है अंगड़ाई,
देखो कैसी बदली छाई,
छेड़ी है हर तान सुरों की,
जो-जो भोले को है भाई।
जब-जब बात ....
भोले में मन रंग गया ऐसा,
जैसे मेंहदी रचती है,
सावन की हैं मस्त फुहारें,
दिल अंदर तक तरती हैं,
जब-जब बात ....

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# शिक्षा के नव प्रभात का स्वागत

# शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से संपन्न





अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय,केशवपुर में दिनांक 19 जुलाई 2025 को शाला प्रवेश उत्सव अत्यंत गरिमामय,सुसंस्कृत एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के आत्मीय स्वागत तथा अभिभावकों के साथ शैक्षिक संवाद के माध्यम से विद्यालय संस्कृति को सुदृढ़ करने हेतु समर्पित रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री संजय राजवाड़े (अध्यक्ष,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति-एसएमडीसी) ने शिक्षा को समाज की आत्मा बताते हुए विद्यालय के कार्यों की सराहना की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंजली यादव (एसएमसी अध्यक्ष - प्राथमिक) ने विद्यालय के प्रगतिशील प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। शासन की विभिन्न योजनाओं में सक्रिय सहभागिता हेतु चयनित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया, जिससे विद्यालय परिसर में गौरव और प्रेरणा का भाव व्याप्त हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं आकर्षक नृत्य कार्यक्रमों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों की लयबद्धता,तालमेल और प्रस्तुतियों की कलात्मकता अत्यंत सराहनीय रही।

## प्राचार्य श्री संतोष कुमार साहू ने कहा...

विद्यालय केवल चार दीवारों और कक्षाओं तक सीमित संस्था नहीं है,यह वह पवित्र भूमि है जहाँ बालमन का विकास,संस्कारों का सिंचन और भविष्य निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होती है। स्वामी आत्मानंद योजना के अंतर्गत हमें जो नई पहचान और संसाधन प्राप्त हुए हैं, उनका पूर्ण उपयोग करते हुए हमारा प्रयास यही है कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और आत्मविश्वास से परिपूर्ण मंच मिले।

## आपने यह भी जानकारी दी कि...

गत सत्र की बोर्ड परीक्षाओं में हमारे विद्यालय का प्रदर्शन शत-प्रतिशत रहा है,जो हमारे शिक्षकों की कठोर साधना एवं विद्यार्थियों की सतत लगन का परिणाम है।

**इसके साथ ही उन्होंने यह प्रेरक घोषणा की :** आगामी बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे,जिससे न केवल प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी,अपितु प्रत्येक छात्र अपने भीतर की श्रेष्ठता को पहचानकर निखार सकेगा।

## प्रधानाध्यापक (माध्यमिक) श्रीमती वंदना महथा ने कहा

जब से हमारे विद्यालय को स्वामी आत्मानंद विद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है,शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब यहाँ प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की कतारें लगी रहती हैं। हमारा विद्यालय निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानाध्यापक (प्राथमिक) श्री विकास श्रीवास्तव,एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण ने अपनी सक्रिय,समर्पित उपस्थिति से इस कार्यक्रम को सफल एवं अनुकरणीय बनाया। अंत में,आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता श्री सुनील सिंह द्वारा अत्यंत विनम्रता एवं साहित्यिक शैली में किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों,शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आयोजन की गरिमा को भावपूर्ण समापन प्रदान किया!

# जल्द मिलेगी अंबिकापुर रांची रेल कनेक्टिविटी



अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग और सीमावर्ती राज्य झारखंड के आदिवासी बाहुल्य अनुसूचित क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अधिवक्ता भावनेन्द्र सिंहदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए भावनेन्द्र सिंहदेव ने प्रधानमंत्री का ध्यान दोनों सीमावर्ती राज्यों के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आर्थिक विकास की दिलाते हुए, रोड मैप प्रस्तुत किया है। पत्र में अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) को रांची (झारखंड) से जोडने़ वाली एक नई रेलवे लाइन के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। इस पत्र के जवाब में प्रधानमंत्री कार्यालय 7.लोक कल्याण मार्ग की ओर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रस्तावित रेलवे लाइन की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी गई है। पीएमओ की ओर से दक्षिण पूर्व मध्य रेल मंडल बिलासपुर से अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) को रांची (झारखंड) से जोडने़ वाली एक नई रेलवे लाइन के निर्माण का प्रस्ताव,जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आर्थिक विकास के लिए उत्प्रेरक योजना की टीप के साथ विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी मांगी गई है। अधिवक्ता भावनेन्द्र सिंहदेव प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री कार्यालय से मिले निर्देश के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेल मंडल बिलासपुर ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना और प्रगति की सूचना पीएमओ कार्यालय को भेजी है। उप मुख्यअभियंता/निर्माण/योजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की ओर से दी गई सूचना में बताया गया है कि सरगुजा और झारखंड के बीच रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा तीन नई लाइन की फाईनल लोकेशन सर्वे स्वीकृत किया जा चुका है। जिसमें से अंबिकापुर से बरवाडीह नई दोहरीकराण का कार्य का फाईनल लोकेशन सर्वे जुलाई 2023 में रेलवे बोर्ड को जमा कराया जा चुका है। पत्र में सूचित किया गया है कि, रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सिंगल लाईन का सर्वे अंबिकापुर-बलरामपुर (जवार) गढवा रोड और जवार से बरवाडीह सिंगल लाईन का सर्वे का कार्य प्रगति पर हैं तथा जल्द ही रिवाईज डीपीआर रेलवे बोर्ड को भेज दी जायेगी। रेलवे द्वारा यह भी जानकारी दी गई है कि रांची और बरवाडीह पहले से ही रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। दूसरी परियोजना में धरमजयगढ़ से लोहरदगा व्हाया पत्थलगांव जशपुर नगर का फाईनल लोकेशन सर्वे रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत है। सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जल्द ही सर्वे डीपीआर रेलवे बोर्ड को भेज दिया जायेगा। लोहरदगा से रांची पहले से ही रेल नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

इसी प्रकार सरडेगा-पत्थलगांव अंबिकापुर का फाईनल लोकेशन सर्वे रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत है। सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जल्द ही रेलवे बोर्ड को भेज दिया जायेगा। छत्तीसगढ़ को रांची (झारखंड) से जोडने़ वाली एक नई रेलवे लाइन के निर्माण के प्रस्ताव पर पीएमओ से मिले सकारात्मक जवाब से उत्साहित अधिवक्ता भावनेन्द्र सिंहदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। भावनेन्द्र सिंहदेव ने पीएम मोदी को लिखे आभार पत्र में कहा है कि इस परियोजना के पूरा होने से सीमावर्ती राज्यों के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति मिलेगी। साथ आजादी के अमृत उत्सव और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य प्राप्ति में जनजातीय बहुल क्षेत्र अपना स्वर्णिम योगदान देंगे।

## कावड़ यात्रा को लेकर सरगुजा जिले में भारी वाहनों पर प्रतिबंध

अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में आगामी कावड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शंकरघाट मंदिर से लेकर लुचकी घाट,चेंद्रा, रघुनाथपुर,बतौली व अन्य मार्गों पर भारी भीड़ एवं वाहन दबाव की संभावना को देखते हुए 20 जुलाई 2025 की रात 10 बजे से 21 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश व निकासी पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। शंकरघाट रामानुजगंज रोड,ककना मोड़ से रामानुजगंज चौक/बंगाली चौक,खरसिया नाका/भारत माता चौक सहित अम्बिकापुर-बतौली मार्ग और खरसिया रोड पर भी उक्त समय अवधि में भारी वाहन नहीं चलेंगे। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए लिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि न हो। बिलासपुर, बनारस, सूरजपुर, बलरामपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को 21 जुलाई दोपहर 12 बजे के बाद और रायगढ़ रोड के वाहनों को 22 जुलाई दोपहर 12 बजे के बाद ही छोड़ा जाएगा। पुलिस ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

## सरगुजा के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप में चयन



अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लिए गौरव का क्षण है,जहां से कई खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। 24 से 27 जुलाई 2025 तक चेन्नई,तमिलनाडु में आयोजित होने वाली 21वीं सब-जूनियर एवं 30वीं जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम हिस्सा लेगी। इस टीम में सरगुजा जिले से जूनियर वर्ग में अभिषेक शर्मा,श्रेया उपाध्याय और विभा सोनवानी का चयन हुआ है। वहीं सब-जूनियर वर्ग में रुद्राक्षी जैन,संजना मिंज, रजनीकांत,रीत्विक राज गुप्ता और आयुष बारी को टीम में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल्स में कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के दम पर अपनी जगह बनाई है। यह सरगुजा जिले के लिए गर्व की बात है कि यहां से इतने प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला कॉर्फबॉल संघ, कोचों एवं अभिभावकों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिले के 9 शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 से 23 जुलाई तक

जशपुरनगर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण नवा रायपुर के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पत्थलगांव,तपकरा,कुनकुरी,बगीचा, कांसाबेल,आरा,दुलदुला,मनोरा एवं कस्तुरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 जुलाई से शुरू हो रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 23 जुलाई रात्रि 11:59 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। शा.औ.प्रशि. संस्था पत्थलगांव के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन केवल बेवसाइट cgiti.admissions.nic.in के माध्यम से ही किए जा सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए इन समस्त शा. जौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के सूचना-पटल का अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व विवरणिका को ध्यान पूर्वक पड़े ताकि किसी भी प्रकार की गलती न हो। अभ्यर्थी जरूरी जानकारी या मदद के लिए निकटतम शा.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से संपर्क कर मार्ग-दर्शन ले सकते हैं।

# माधवेंद्र तिवारी को मिला पीएचडी की उपाधि



अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में कार्यरत विधि विषय के सहायक प्राध्यापक श्री माधवेंद्र तिवारी को संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय सरगुजा द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने ने अपना शोध कार्य सामाजिक-अर्थिक न्याय एवं न्यायिक सक्रियता-एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर डॉक्टर तरुण कुमार रॉय के निर्देशन में पूर्ण किया हैद्य मौखिक परीक्षा हेतु विश्व विद्यालय द्वारा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार को नियुक्त किया गया था। मौखिक परीक्षा के दौरान सरगुजा विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पी. पी. सिंह,कुल सचिव डॉक्टर शारदा प्रसाद त्रिपाठी, सहायक कुलसचिव श्री टेमन देवांगन एवं विधि विषय के अध्यापक,शोधार्थी,एल एल. एम. तथा एल एल. बी. के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इसके पूर्व श्री माधवेन्द्र तिवारी ने डाक्टर हरि सिंह गौर विश्व विद्यालय सागर से इतिहास विषय में एम.ए.,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के विधि अध्ययन शाला से एल एल. बी .एवं एल एल. एम. , देवी अहिल्या विश्व विद्यालय इंदौर से विधि विषय में एम.फिल. की उपाधि अर्जित की तथा विश्व विद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतिष्ठित नेट की परीक्षा विधि विषय स उत्तीर्ण की है। उन्होंने ने अपनी इस सफलता में सहयोग के लिए विश्व विद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी ने किया 101 यूनिट रक्तदान




अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी द्वारा 20 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल 101 यूनिट रक्त दान किया गया। लगभग 250 लोगों ने राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत,छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर उपस्थित रहे। रक्तदान में 250 प्रतिभागियों ने कुल 25850 मिलीलीटर स्वस्थ रक्त का दान किया।

दूसरों के साथ जीवन साझा करने वाले चर्च ऑफ गॉड के नेक कार्यों से प्रभावित होकर बहुत से नागरिक भी स्वेच्छा से रक्तदान में शामिल हुए। एक व्यक्ति का पूर्ण रक्तदान तीन लोगों की जान बचा सकता है।

## म्यूल अकाउंट के मामले में दो गिरफ्तार



अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। कोतवाली पुलिस ने साइबर अपराध के तहत म्यूल अकाउंट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से मिली सूची के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। इस मामले में प्रतीक कश्यप नामक एक म्यूल अकाउंट धारक के खिलाफ साइबर ठगी का मामला सामने आया था, जिसमें कुल 12 लाख की ठगी का आरोप है। पुलिस ने प्रतीक कश्यप को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। इसके बाद, पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए म्यूल अकाउंट से जुड़े एक और व्यक्ति अल्ताफ हुसैन अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की। अंसारी ने फरीद अंसारी के झांसे में आकर यूको बैंक में खाता खुलवाया और अपनी पासबुक, एटीएम कार्ड और सीम कार्ड को आरोपी फरीद को दे दिया। जांच में यह भी सामने आया कि फरीद अंसारी ने इन दस्तावेजों को 2000/- के बदले प्रतीक कश्यप को बेच दिया। इस सिलसिले में पुलिस ने आरोपी फरीद अंसारी को गिरफ्तार किया, जिसने अपनी आपराधिक गतिविधियों को स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया और मामले की जांच जारी है।

# छत्तीसगढ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन



अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। शासन द्वारा पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय सामाजिक संस्था छत्तीसगढ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन की सरगुजा इकाई के तत्वावधान में दिनांक 20 जुलाई 2025 को अम्बिकापुर के होटल पुनम के सभागार में प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन ,प्रदेश उपाध्यक्ष मयंक जायसवाल ,महिला प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ पूर्णिमा सिंह,तथा सरगुजा जिले के जिलाध्यक्ष वेद नारायण साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में फाउंडेशन के मुख्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रुप से फाउंडेशन के व्यापक विस्तार एवं फाउंडेशन द्वारा प्रदेश स्तर पर किये जा रहे विभिन् गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इसके पश्चात फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा जिला सरगुजा में विभिन्न स्तरों पर सामाजिक उत्थान के तहत फाउंडेशन के माध्यम से किस प्रकार से क्या क्या कार्य किया जा सकता है इस पर आवश्यक रुपरेखा बनाते हुए ब्लुप्रिंट बना कर कार्यवाही करने की बात कही गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों क्रमशः सुषमा जायसवाल,साधना मिश्रा,सरोज सिंह,धनंजय गुप्ता, सुशील मलिक का सहयोग सराहनीय रहा। उक्ताशय की जानकारी फाउंडेशन की मिडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती साधना कश्यप द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया गया।

## पार्थ इवेंट की ओर से सावन में श्रृंगार मेला का बृहद आयोजन



अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। नगर के अलंकार ग्रीन होटल में पथ इवेंट की ओर से सावन की महीने में सावन श्रृंगार मेला का बृहद आयोजन किया गया। लगातार चौथे साल इस भव्य आयोजन में सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह आयोजन सिर्फ महिलाओं और लड़कियों के लिए था,जिसकी थीम ग्रीन एवं सोलह सिंगार थी। जिन महिलाओं में टैलेंट है और उन्हें मौका नहीं मिलता,ऐसी घरेलू महिलाओं को पार्थ इवेंट में एक मंच दिया।

इस आयोजन में समीक्षक के रूप में नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवल के ग्राउंड होल्डर मौजूद थे। कांकेर से ममता प्रसाद मिसेज एशिया इंटरनेशनल,किरण रात्रे श्रीमती गोल्ड इंटरनेशनल,आयशा फतिमा श्रीमती नेशनल,शिल्पा साहू मैसेज इंडिया इंटरनेशनल, अक्षिता डबराल,प्रीषिका जायसवाल,सहित आने मौजूद थे। इस आयोजन की फाउंडर सविता सिंह बताया कि यह इवेंट सावन के महीने में आयोजित किया जाता है,जिसमें महिलाओं को अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का एक मंच मिलता है। सावन के झूले ,सामूहिक रूप से गीत नृत्य, विशेष रूप से पेपर डांस इस आयोजन किया गया है। इसमें जो भी विजेता होता है उन्हें समीक्षकों के द्वारा क्राउन पहनाया जाता है।

## पुलिया के नीचे सड़ी-गली अवस्था में मिला अज्ञात महिला का शव,जांच में जुटी पुलिस



लखनपुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहनपुर रेड नदी पुलिया के नीचे रविवार की सुबह 10 बजे सड़ी गली अवस्था में अज्ञात महिला के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना उपरांत लखनपुर थाने के उप निरीक्षक केके यादव आरक्षक दशरथ राजवाड़े मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पुलिया के नीचे से निकलवाया गयाअज्ञात महिला के शव को लखनपुर अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि महिला के दोनों पैर में और बाया घुटना के ऊपर गोदना का निशान शरीर में हरा पेटिकोट लाल ब्लाउज बाया हाथ मे हरा चूड़ी पहने हुए हैं। लखनपुर पुलिस अज्ञात महिला के शव के शिनाख्त में जुटी हुई है।

CMYK

# गाजा में नहीं थम रहा मौत का तांडव...

## मानवीय मदद पाने की कोशिश में मारे गए 73 फलस्तीनी,150 घायल

**दीर-अल-बलाह,20 जुलाई 2025।** गाजा पट्टी में अलग-अलग जगहों पर मानवीय मदद तक पहुंचने की कोशिश में 73 फलस्तीनियों की मौत हो गई। इनमें से सबसे ज्यादा मौतें उत्तरी गाजा में हुईं,जहां जिकिम क्रॉसिंग से आ रही मदद तक पहुंचने की कोशिश कर रहे 67 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और स्थानीय अस्पतालों ने दी है। अस्पतालों के अनुसार, 150 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि इन लोगों की मौत इस्राइली सेना की गोलीबारी से हुई या सशस्त्र गिरोहों की वजह से या दोनों की। लेकिन कुछ चश्मदीदों का कहना है कि इस्राइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं। उत्तरी गाजा में जो मौतें हुईं,वे 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फंड' (जीएचएफ) के मदद वितरण केंद्रों के पास नहीं हुईं। यह अमेरिका और इस्राइल समर्थित संस्था है और फलस्तीनियों को खाद्य सामग्री वितरित है। चश्मदीदों और स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि इस संस्था की सहायता पाने की कोशिश करते समय सैकड़ों लोग पहले भी इस्राइली गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। इस्राइली सेना ने रविवार को हुई इन मौतों पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, रविवार को इस्राइली सेना ने मध्य गाजा के हिस्सों को खाली करने के आदेश जारी किए हैं। ये वे इलाके हैं, जहां अब तक जमीन पर सैन्य कार्रवाई बहुत कम हुई है। इस आदेश से दीर



अल बलाह और दक्षिणी शहरों राफा और खान यूनिस के बीच संपर्क कट जाएगा। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है,जब इस्राइल और हमास के बीच कतर में युद्धविराम को लेकर बातचीत चल रही है,लेकिन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के अनुसार इसमें कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कई कह चुके हैं कि गाजा में सैन्य अभियान तेज कर हमास पर दबाव बनाया जाएगा,लेकिन महीनों से बातचीत ठप पड़ी हुई है। इस महीने की शुरुआत में इस्राइली सेना ने दावा किया था कि वह गाजा पट्टी के 65 फीसदी से अधिक हिस्से पर नियंत्रण पा चुकी है। गाजा के जिन इलाकों को खाली करने के आदेश जारी किए गए हैं, वहां कई अंतरराष्ट्रीय संगठन भी मौजूद हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इस्राइली अधिकारियों से संपर्क किया है,ताकि यह स्पष्ट हो सके कि क्या यह आदेश दीर अल बलाह में स्थित यूएन की सुविधाओं पर भी लागू होता है। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने कहा कि पहले के मामलों में यूएन की सुविधाओं को निकासी आदेश से बाहर रखा गया था। लेकिन इस बार जो क्षेत्र निकासी में शामिल किया गया है,वह पहले से खाली कराए गए इलाके से तट तक फैला हुआ है,जिससे राहत समूहों और आम लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होगी। इस्राइली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्रई ने चेतावनी दी कि सेना आतंकियों पर तेज हमले करेगी। उन्होंने वहां के नागरिकों से कहा कि वे दक्षिणी गाजा के तटीय इलाके मवासी में चले जाएं, जिसे सेना ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। इनमें तंबू में रहने वाले नागरिक भी शामिल हैं। गाजा गहरे मानवीय संकट का सामना कर रहा है। हमास के लड़ाके सात अक्तूबर 2023 को दक्षिणी इस्राइल में घुस आए थे। उनके हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। अभी 50 बंधक बनाए गए इस्राइली हमास के कब्जे में हैं,लेकिन उनमें से भी कई के जीवित होने पर संदेह है। इसके जवाब में इस्राइल ने युद्ध का एलान किया। 21 महीनों से यह युद्ध जारी है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 58 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। मंत्रालय यह नहीं बताता कि इनमें कितने हमास के लड़ाके थे,लेकिन वह कहता है कि मरने वालों में से आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। यह मंत्रालय हमास की सरकार का हिस्सा है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन इसे हताहतों के आंकड़ों का सबसे भरोसेमंद स्रोत मानते हैं। बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'होस्टेज फैमिली फोरम' ने इस्राइली सेना की इस नई निकासी घोषणा की आलोचना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सेना से यह स्पष्ट करने को कहा है कि इस कदम से वे क्या हासिल करना चाहते हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि सरकार बिना किसी ठोस योजना के काम कर रही है। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया। इस्राइली जनता अब युद्ध खत्म करना और सभी बंधकों को वापस लाना चाहती है। शनिवार रात को तेल अवीव में अमेरिकी दूतावास की शाखा के बाहर प्रदर्शन में हजारों लोगों ने युद्ध समाप्त करने की मांग की।

# इंडोनेशिया में मनाडो बंदरगाह जा रहे जहाज में लगी आग

## 280 यात्री थे सवार,तीन की मौत





**जकार्ता,20 जुलाई 2025।** इंडोनेशिया में रविवार को यात्रियों को ले जा रही एक यात्री जहाज में आग लग गई। इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक,ये हादसा उत्तरी सुलावेसी में तालिस द्वीप के पास तब हुआ जब यात्री जहाज मनाडो बंदरगाह जा रहा था। इस दौरान कुछ यात्री बचने के लिए समुद्र में भी कूद गए।

इंडोनेशियाई फ्लीट कमांड के कमांडर,वाइस एडमिरल डेनिह हेंड्राटा के मुताबिक,280 से अधिक लोगों को बचा लिया गया है और निकासी अभियान जारी है। हेंड्राटा ने कहा कि केएम बार्सिलोना यात्री नाव पांच प्रांत के एक द्वीपीय जिले तलौद से उत्तरी सुलावेसी प्रांत की राजधानी मनाडो जा रही थी। तभी तालिसे के पास पानी में उसमें आग लग गई।

उन्होंने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इसके लिए तीन नौसेना जहाजों को तैनात किया गया है और अब तक 284 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को निकाला जा चुका है। बचाव अभियान में स्थानीय मछुआरों ने मदद दी और लाइफ जैकेट पहने कुछ बचे लोगों को बचाया। बचावकर्मियों ने एक गर्भवती महिला सहित पांच शव निकाले। हालांकि,किसी के घायल होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। हेंड्राटा ने कहा,नाव में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की कोई सटीक संख्या का भी पता नहीं है।

हम अभी भी निकासी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और आग के कारणों की जांच की जा रही है। इंडोनेशिया 17,000 से अधिक द्वीपों का एक द्वीपसमूह है। यहां यात्रा का एक आम तरीका फेरी है। यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। इसके लिए अक्सर कमजोर सुरक्षा व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

## सत्ता गंवा सकते हैं पीएम इशिबा एग्जिट पोल में हार के संकेत



**टोक्यो,20 जुलाई 2025।** जापान में रविवार को ऊपरी सदन के लिए मतदान हुए। एग्जिट पोल के अनुसार प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के ऊपरी सदन में बहुमत खोने की संभावना है। इससे अमेरिका के साथ टैरिफ की समयसीमा नजदीक आने के कारण विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में राजनीतिक अस्थिरता पैदा होने संभावना बढ़ गई है। हालांकि,मतदान से सीधे तौर पर यह तय नहीं होगा कि प्रधानमंत्री इशिबा की अल्पमत सरकार गिरेगी या नहीं, लेकिन इससे उन पर दबाव बढ़ जाएगा,क्योंकि एलडीपी ने पिछले साल अक्तूबर में हुए निचले सदन के चुनाव में 15 वर्षों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बहुमत नहीं मिलता तो एलडीपी के भीतर ही इशिबा को हटाने की मांग तेज हो सकती है। रविवार को जापान की संसद के उच्च सदन की 248 सीटों में से 125 सीटों के लिए मतदान हुए। शुरुआती नतीजे रविवार देर रात आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री इशिबा की पार्टी एलडीपी और उनकी सहयोगी कोमितो को बहुमत के लिए 50 सीटें जीतनी होंगी। हालांकि पहले से उनके पास 75 सीटें हैं। उच्च सदन के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है,जबकि प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का कार्यकाल प्रधानमंत्री द्वारा भंग किया जा सकता है। जापान में उच्च सदन के आधे सदस्यों को हर तीन साल में होने वाले चुनावों में बदल दिया जाता है ताकि पूर्ण परिवर्तन को रोका जा सके। 75 सीटों का चुनाव निर्वाचन क्षेत्रों में और 50 सीटों का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से किया जाता है। चुनाव में बढ़ती महंगाई और घटती आय बड़ा मुद्दा है। मतदाता सामाजिक सुरक्षा भुगतान का बोझ,निराश और नकदी की कमी,विदेशी निवासियों और पर्यटकों के लिए कड़े कदम का मुद्दा उठा रहे हैं। वहीं चावल की कीमतें सप्लाई की कमी और वितरण तंत्र की जटिलता के कारण दोगुनी हो चुकी हैं। इस वजह से बाजारों में पैनिक बाइंग देखी जा रही है। इस मुद्दे पर एक कृषि मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा, जिसके बाद शिंजिरो कोइजुमी को नियुक्त किया गया। उन्होंने भंडारण से चावल रिलीज कर हालात को संभालने की कोशिश की है, लेकिन प्रभाव सीमित है।

## बलूच आर्मी के हमले में पाकिस्तानी मेजर की मौत,डर के साए में जी रही पाक सेना

**एएनआई, क्वेटा,20 जुलाई 2025।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की ओर से क्वेटा में किए गए एक घातक बम विस्फोट में पाकिस्तानी सेना का वरिष्ठ अधिकारी मारा गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, एक मैग्नेटिक आईईडी विस्फोटक की मदद से जिन्ना रोड क्षेत्र के पास एक वाहन को निशाना बनाया गया। हमले में मेजर अनवर काकर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वह सेना के 12 कोर के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) सेल से जुड़े थे। घटना के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दो मोटरसाइकिल सवारों को वाहन पर मैग्नेटिक विस्फोटक उपकरण लगाते देखा जा सकता है। थोड़ी देर बाद ही इसमें विस्फोट हो गया। बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार मेजर के अलावा कोई अन्य हताहत नहीं हुआ है। बीएलए ने कहा कि यह हमला उनकी आंतरिक इकाई जिराब द्वारा एकत्रित सटीक खुफिया जानकारी पर आधारित था। जबरन गायब किए गए लोगों और हिरासत में लिए गए बलूच यकजेहती समिति के नेताओं के परिवारों से जुड़े सदस्यों का धरना लगातार चौथे दिन जारी रहा। पाकिस्तानी अधिकारियों ने प्रदर्शन को दबाने का प्रयास तेज कर दिया है। उन्होंने स्वजनों को विरोध स्थल तक पहुंचने से रोका और वहां जाने वाली सड़कों को सील कर दिया। विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से ही प्रदर्शनकारियों को तंबू या उचित शिविर नहीं लगाने दिया गया है। हालांकि,भारी बारिश और गर्मी की मार झेलने के बावजूद वे अपना शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं।

# सीरिया के स्वैदा में संघर्ष थमा : बेदुइन लड़ाके शहर से हटे,तनाव बरकरार,यूएस ने शांति की अपील की

**माजरा,20 जुलाई 2025।** सीरिया के दक्षिणी शहर स्वैदा में करीब एक हफ्ते तक चले झड़प के बाद बेदुइन समुदाय के सशस्त्र लड़ाकों ने रविवार को शहर से हटने की घोषणा की है। यह कदम अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्षविराम के बाद उठाया गया है। इस बीच,मानवीय सहायता लेकर 32 ट्रकों का काफिला शहर में दाखिल हुआ है,क्योंकि झड़पों के चलते शहर में बिजली,पानी,दवाइयों और ईंधन की भारी कमी हो गई थी।



### क्या हुआ था स्वैदा में ?

स्वैदा शहर,जहां द्रुज समुदाय बहुसंख्यक है, वहां बीते कुछ दिनों से बेदुइन सुन्नी मुस्लिम कबीले और द्रुज मिलिशिया के बीच जबरदस्त झड़पें हो रही थीं। इन झगड़ों की शुरुआत कुछ आपसी अपहरणों से हुई थी, जो बाद में सांप्रदायिक हिंसा में बदल गई। इनमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई और हजारों लोग अपने घर छोड़कर दरआ और अन्य इलाकों में चले गए। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, कुल 1,28,571 लोग बेघर हुए, जिनमें से सिर्फ शनिवार को ही 43,000 लोग विस्थापित हुए।

### इस्राइल के हमले और सरकार की भूमिका

इन झड़पों के दौरान इस्राइल ने भी स्वैदा में कई हवाई हमले किए, जिनका निशाना सरकार समर्थित सेनाएं थीं। सरकारी सेनाओं ने शुरुआत में लड़ाई में हस्तक्षेप किया लेकिन फिर खुद ही पीछे हट गईं। इससे हालात और बिगड़ गए। दुनियाभर में लगभग 10 लाख द्रुज हैं, जिनमें आधे से ज्यादा सीरिया में रहते हैं। बाकी लेबनान,इस्राइल और गोलान हाइट्स में बसे हुए हैं। द्रूज समुदाय ने कभी राष्ट्रपति असद के शासन के अंत का स्वागत किया था, लेकिन अब वे नई सत्ता और उसकी इस्लामी झुकाव वाली नीति को लेकर भी चिंतित हैं।

**शांति की कोशिशें और अंतरिम राष्ट्रपति का संदेश :** सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा, जो बेदुइनों के प्रति थोड़े नरम माने जाते हैं,उन्होंने द्रुज समुदाय से शांति की अपील की। उन्होंने कहा, हम बेदुइन लड़ाकों के साहस की सराहना करते हैं, लेकिन अब उन्हें राज्य की भूमिका स्वीकार करनी चाहिए।

### लेकिन तनाव अब भी बाकी है

बेदुइन लड़ाके भले ही शहर से हटे हों, लेकिन अभी भी स्वैदा के बाहरी इलाकों में भारी हथियारों से लैस उनके सैकड़ों साथी डटे हुए हैं। उनकी मुख्य मांग है कि द्रुज धार्मिक नेता शेख हिकमत अल-हिजरी और उनके समर्थक आत्मसमर्पण करें, जिन्हें वे हिंसा भड़काने का दोषी मानते हैं।

### मदद पहुंची,विवाद भी बढ़ा

सीरियाई रेड क्रिसेंट ने 32 ट्रकों की सहायता भेजी,जिसमें खाद्य सामग्री,पानी, दवाइयां और ईंधन शामिल था। हालांकि, सरकारी मीडिया ने आरोप लगाया कि शेख अल-हिजरी के समर्थकों ने एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया। शेख ने जवाब में कहा कि वे सहायता का स्वागत करते हैं,लेकिन उनके खिलाफ झूठे प्रचार से दुखी हैं।

## दक्षिण कोरिया में पांच दिनों से भारी बारिश : उफान पर नदियां,अब तक 17 की मौत

**सियोल,20 जुलाई 2025।** दक्षिण कोरिया में पांच दिनों से बारिश ने हो रही मूसलाधार बारिश में 17 लोगों की मौत हो गई है और 11 अन्य लापता हैं। दक्षिण कोरिया के आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्रालय ने बारिश को लेकर ताजा अपडेट दिया है। मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को भारी बारिश से एक घर ढहने से एक शख्स की मौत हो गई और सियोल के उत्तर-पूर्व के गैप्योंग शहर में एक उफनती नदी में बह जाने से एक अन्य व्यक्ति मरा पाया गया। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

रविवार शाम चार बजे तक लगभग 2,730 लोग अपने घरों से निकाले जा चुके थे। इसके साथ ही रविवार को दक्षिण कोरिया के अधिकांश हिस्सों में बारिश थम गई और इसके बाद पूरे देश में भारी बारिश की चेतावनी हटा ली गई।

राष्ट्रपति ली जे म्यांग ने भारी बारिश में प्रियजनों को खोने वालों और आर्थिक नुकसान झेलने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## टेक्सास में भीषण बाढ़ ने मचाई तबाही अब भी तीन लापता,135 की गई जान




**केरविले,20 जुलाई 2025।** अमेरिका में चार जुलाई को टेक्सास हिल कंट्री में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद अब सिर्फ तीन लोग लापता हैं,जबकि शुरुआत में लापता लोगों की संख्या करीब 100 थी। खोजे गए लोगों के लिए अधिकारियों ने राहत बचाव दलों के प्रयासों को श्रेय दिया। केरविल शहर प्रबंधक डाल्टन राइस ने कहा, यह अद्भुत प्रगति उन अनगिनत घंटों की मेहनत का नतीजा है जो खोज,बचाव और जांच में लगी, ताकि परिवारों को इस मुश्किल वक्त में थोड़ी राहत मिल सके। विनाशकारी बाढ़ के कुछ ही दिनों बाद अब अकेले केर काउंटी में 160 से अधिक लोगों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, केर काउंटी में मरने वालों की संख्या इस हफ्ते के अधिकांश वक्त तक स्थिर 107 रही, जबकि लापता लोगों की गहन खोज जारी रही। टेक्सास में अचानक आई बाढ़ ने अब तक कम से कम 135 लोगों की जान ले ली। इनमें से अधिकतर मौतें सैन एंटोनियो से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी के किनारे हुईं। चार जुलाई की सुबह से पहले नदी अचानक 26 फीट तक बढ़ आई और घर व वाहन बहा ले गई। पर्यटकों के बीच कैंपिंग के लिए मशहूर टेक्सास हिल कंट्री प्राकृतिक रूप से बाढ़ के प्रति संवेदनशील है क्योंकि यहां की सूखी, कठोर मिट्टी भारी बारिश सोख नहीं पाती।

## खामनेई के वरिष्ठ सलाहकार ने पुतिन से की मुलाकात पश्चिम एशिया के हालात और परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा

**मॉस्को,20 जुलाई 2025।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के वरिष्ठ सलाहकार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। ईरान के सर्वोच्च नेता के वरिष्ठ सलाहकारअली लारिजानी की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब लगभग एक महीने पहले पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से भी मुलाकात की थी।





क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों से कहा कि अली लारिजानी ने ईरानी नेतृत्व की ओर से पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान के परमाणु कार्यक्रम की स्थिति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बातचीत के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। 23 जून को राष्ट्रपति पुतिन ने अराघची से मुलाकात के दौरान ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव को कम करने में रूस की मदद का आश्वासन दिया था। यह मुलाकात अमेरिका की ओर से 22 जून की सुबह ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले के कुछ ही घंटे बाद हुई थी। रूस और ईरान के बीच एक रणनीतिक साझेदारी की संधि है। हालांकि, यह संधि यह नहीं कहती कि अगर किसी एक देश पर हमला होता है, तो दूसरा देश सैन्य मदद देगा। हालांकि, इस संधि के तहत दोनों देशों ने यह वादा किया है कि वे किसी हमलावर का साथ नहीं देंगे और किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत राजनीतिक बातचीत शुरू करेंगे, ताकि तनाव को कम किया जा सके। रूस ने हमेशा ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु अनुसंधान के अधिकार का समर्थन किया है, बशर्ते कि यह अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में हो। पहले की रिपोर्ट के अनुसार, अली लारिजानी ने ईरानी संसद के अध्यक्ष के रूप में ईरान परमाणु समझौते के बातचीत और उसे मंजूरी दिलवाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस समझौते में ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम में कई रियायतें देनी पड़ी थीं, बदले में उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। लारिजानी ने ईरान के घरेलू राजनीतिक हालात को संभालते हुए संसद में इस समझौते के लिए समर्थन जुटाया था। हालांकि,अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में इस समझौते से खुद को अलग कर लिया। उन पर इस्राइल का भारी दबाव था। अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप ने ईरानी परमाणु ठिकानों पर बमबारी का आदेश दिया और ईरान से अपने नागरिक परमाणु कार्यक्रम के तहत भी यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह बंद करने की मांग की,जबकि यह कार्य परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत कानूनी रूप से मान्य है और ईरान इस संधि का हिस्सा है।

# अमेरिका में भारतीय डॉक्टर पर यौन शोषण का आरोप : नशीली दवा के बदले सेक्स डिमांड करता था,नजरबंद हुआ,86 लाख का बॉन्ड भरने की सजा

**वॉशिंगटन डीसी,20 जुलाई 2025।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के एक डॉक्टर पर यौन शोषण और मेडिकल फ्रॉड के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के न्यू जर्सी में 51 साल के डॉ. रितेश कालरा नशे की लत से जूझ रहे मरीजों से अवैध दवाइयों के बदले यौन संबंध बनाने की मांग करता था। कालरा ने अपने फेयर लॉन क्लिनिक को पिल मिल के रूप में ऑपरेट किया,जहां वह बिना मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन के ऑक्सीकोडोन जैसी पावरफुल ओपिओइड (नशीली दवाई) देता रहा। डॉक्टर के खिलाफ 5 आरोप दर्ज किए गए हैं,जिनमें तीन अवैध दवा वितरण और दो धोखाधड़ी के हैं। एक मजिस्ट्रेट जज के सामने पेश होने के बाद उसे घर में नजरबंदी में रखा गया है। कालरा को 86 लाख का बॉन्ड भरने की शर्त पर रिहा किया जाएगा। उसे मेडिकल प्रैक्टिस करने और दवाइयां लिखने से भी रोक दिया गया है। क्लिनिक के अंदर जबरन संबंध बनाने के आरोप कालरा के खिलाफ कई महिला मरीजों ने अश्लील रूप से छूने और दवाइयों के बदले संबंध बनाने की मांग करने की शिकायत की है। आरोप है कि डॉक्टर ने अपॉइंटमेंट के दौरान मरीज के साथ क्लिनिक के अंदर ही जबरन संबंध बनाया। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, कालरा बिना किसी मेडिकल जरूरत के लत लगाने के लिए नशीली दवाई लिखता था।

**6 साल में 31 हजार अवैध प्रिस्क्रिप्शन जारी किए :** अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के अनुसार, जनवरी 2019 से फरवरी 2025 के बीच कालरा ने 31 हजार से ज्यादा ऑक्सीकोडोन प्रिस्क्रिप्शन जारी किए, कभी-कभी एक ही दिन में 50 से अधिक प्रिस्क्रिप्शन लिखे। अमेरिकी अटॉर्नी अलीना हब्बा ने कहा-चिकित्सकों की जिम्मेदारी बहुत बड़ी होती है, लेकिन जैसा कि आरोप है,डॉ. कालरा ने इस स्थिति का दुरुपयोग करके नशे को बढ़ावा दिया,कमजोर मरीजों का यौन शोषण किया और न्यू जर्सी के सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में धोखाधड़ी की। कालरा पर फर्जी परामर्श और काउंसलिंग के लिए बिलिंग करने का भी आरोप है। कालरा के बचाव पक्ष ने इन आरोपों को गलत बताकर खारिज किया है। यह मामला अमेरिका में प्रिस्क्रिप्शन ड्रग दुरुपयोग पर व्यापक कार्रवाई के बीच सामने आया है, जहां कालरा जैसे डाक्टरों पर ओपिओइड संकट का फायदा उठाने का आरोप लग रहा है।

**2021 में 70 हजार मौतें ड्रग ओवरडोज से हुई :** अमेरिका में ओपिओइड संकट एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो मुख्य रूप से नशीली दवाओं, खासकर फेंटानिल जैसे सिंथेटिक ओपिओइड्स के दुरुपयोग से जुड़ी है। यह



संकट 1990 के दशक में शुरू हुआ,जब फार्मास्युटिकल कंपनियों ने ओपिओइड दवाओं को दर्द निवारक के रूप में बेचना शुरु किया और दावा किया कि ये कम नशे की लत वाली हैं। नतीजतन,डॉक्टरों ने इन्हें आसानी से प्रिस्क्राइब करना शुरू कर दिया, जिससे मरीजों में नशे की लत बढ़ी। 2021 में 70 हजार से अधिक लोग ड्रग ओवरडोज से मरे, जिनमें से अधिकांश फेंटानिल जैसे सिंथेटिक ओपिओइड्स से जुड़े थे।

CMYK

# क्या मोहित पैकरा को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाना भाजपा जिलाध्यक्ष का गलत कदम साबित हुआ?

**विधायक भैयालाल राजवाड़े की थी दूरदर्शी सोच इसलिए मोहित को नहीं बनाना चाह रहे थे अध्यक्ष**

**कम समय में ही संगठन से आगे निकलकर अपनी लॉबी बनाते दिख रहे हैं जिला पंचायत अध्यक्ष**

**कोरिया जिले में विधायक भैयालाल राजवाड़े एवं रेणुका सिंह से ज्यादा सम्मान की चाहत,जबकि दोनों विधायक हैं पूर्व मंत्री और प्रोटोकॉल में रखते हैं अहम स्थान**

**अध्यक्ष बने हुए मात्र 4 महीने लेकिन देख रहे हैं 2028 में विधायक बनने का सपना,सलाहकार देने लगे गलत सलाह**

**सलाहकार और मित्रों के साथ विश्राम भवन को बनाया गया पार्टी का अड्डा**

**सूत्रों का दावा कलेक्टर पर दबाव बनाकर मोहित पैकरा ने डीएमएफ से स्वीकृत कराया करोड़ों का निर्माण कार्य,जबकि अन्य जिला पंचायत सदस्य हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं...**

**अभी भी मूल रूप से कांग्रेसी दिखलाई दे रहे मोहित, संगठन की भाषा और मर्यादा नहीं आई समझ**

**क्या अब भी मिल रहा है संरक्षण,जबकि संगठन के खिलाफ जा कर काम कर रहे हैं मोहित पैकरा?**




संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर-समाचार | अम्बिकापुर, रविवार 20 जुलाई 2025 | 5

क्या सौभाग्यवती को जिला पंचायत अध्यक्ष ना बनाकर मोहित को बनाने का फैसला गलत?

जिन्होंने बनाया मोहित पैकरा को जिला पंचायत अध्यक्ष अब वे ही सदस्य उपेक्षा से हैं नाराज?

कार्यशैली को लेकर उठ रहे सवाल,चुनाव में जो नहीं थे साथ अब वे बने सलाहकार बाकी कार्यकर्ता और सहयोगी हुए दूर

आसान नहीं होगी 5 साल की राह,1 साल बाद अविश्वास प्रस्ताव लगने की संभावना

ऐसे विवादित श्रेणी के व्यक्ति को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाना भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए भी सवालिया निशान

भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को हराने वाले गैर पार्टी समर्थित सदस्य देवतुल्य हो गए हारे हुए समर्थित प्रत्याशी असुर लगने लगे?

कार्यशैली बनी चर्चा का विषय,नए सलाहकार दुबा रहे लुटिया

ऐसा रहा हाल तो 5 साल नहीं रहेगा मोहित पैकरा का कार्यकाल

बेलगाम हुए मोहित पैकरा,संगठन के कई पदाधिकारी नाराज:सूत्र

डीएमएफ से चलाना चाहते हैं व्यापार,खुद को बताते हैं सीएम का रिश्तेदार: सूत्र

आखिर विश्राम भवन के कमरा किस काम के लिए खुलवाते हैं मोहित पैकरा...जबकि घर है काफी करीब...

-रवि सिंह-
कोरिया,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी से भाजपाई हुए मोहित पैकरा को अप्रत्याशित घटना क्रम के बाद इस वर्ष जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हासिल हो गई,उन्हें कुर्सी कैसे हासिल हुई यह सर्वविदित है लेकिन अब इसे लेकर संगठन की काफी किरकिरी हो रही है,नए आदमी को तुरंत जिम्मेदार पद में बैठाने को लेकर जिलाध्यक्ष द्वारा उठाया गया कदम अब गले की हड्डी बनती जा रही है, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा अल्प समय में ही बेलगाम दिखलाई दे रहे हैं, ज्ञात हो कि क्षेत्रीय विधायक भैयालाल राजवाड़े की दूरदर्शी सोच थी जिससे कि वे सौभाग्यवती सिंह को अध्यक्ष बनाने के पक्षधर थे जबकि संगठन पदाधिकारी और खासकर जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी मोहित पैकरा के पक्ष में खड़े थे निर्णय संगठन के अनुसार ही हुआ लेकिन अब दिखलाई दे रहे परिस्थिति से यह कहा जा सकता है कि मोहित पैकरा को जिलाध्यक्ष बनाया जाना गलत और जल्दबाजी में उठाया गया कदम था आगे उनके कारनामों और कार्यशैली से यह तय है कि संगठन की और भी किरकिरी होगी।

एक साल पहले तक कांग्रेसी रहे कोरिया जिला पंचायत के अध्यक्ष के खिलाफ दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है सरपंच के बाद सीधे जिला पंचायत की कुर्सी पाकर उन पर गर्मी स्पष्ट दिखलाई दे रही है तो उनके खिलाफ निर्वाचन क्षेत्र से भी नाराजगी बढ़ी है, जिस उम्मीद और विश्वास से स्थानीय जनता से मोहित पैकरा को अपना नेता चुना था और वेदांती तिवारी जैसे जमीनी नेता से किनारा किया था उसके बाद मोहित पैकरा के बदले तेवर और रंग रूप से जनता भी खुद को ठगा सा महसूस कर रही है यही नहीं जिला पंचायत के चुनाव में भारी फूट होने के बाद भी जिन लोगों ने मोहित पैकरा का साथ देकर उन्हें अध्यक्ष बनाया अब वे जिला पंचायत सदस्य भी खुद की उपेक्षा से नाराज हैं, आने वाले समय में यह आक्रोश और बढ़ने की संभावना भी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सौभाग्यवती को कोरिया जिले से भाजपा के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष की प्रबल दावेदार थी पर संगठन की मनमानी ने उनसे अध्यक्ष पद छीन लिया, उन्हें बगावत करने के लिए मजबूर कर दिया,आज जिन्हें संगठन व भाजपा ने अपना जिला पंचायत अध्यक्ष का उम्मीदवार माना आज उसकी कार्यप्रणाली ही भाजपा के लिए गलत फैसला लेने वाली निर्णय मानी जा रही है, सौभाग्यवती को दरकिनार कर भाजपा के लिए मोहित को उपकृत करना कहीं ना कहीं अब नुकसान समझ में आने लगा है या माना जाए तो अंदर खाने में यह बात उठने लगी है कि सौभाग्यवती को ही जिला पंचायत अध्यक्ष बनना चाहिए था पर भाजपा जिलाध्यक्ष की वजह से सौभाग्यवती की जगह मोहित जिला पंचायत अध्यक्ष बन गए जिसे लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष की खूब किरकिरी भी हुई थी आज संगठन भी इस फैसले को लेकर अब अंदर खाने से खुश नहीं है कहीं ना कहीं इस फैसले को अब गलत माना जा रहा है। दैनिक घटती घटना का अंदेशा उसे समय भी यही था कि भाजपा सही उम्मीदवार को जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं बना रही है आखिर घटती घटना का एक बार फिर से अंदेशा सही साबित होता दिख रहा है।

## डीएमएफ से स्वीकृत हो गया करोड़ों का काम,अन्य सदस्य हाथ पर हाथ धरे बैठे...

सूत्रों का दावा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा द्वारा कलेक्टर कोरिया को जिला खनिज निधि से स्वीकृति हेतु करोड़ों रुपए के कार्यों का प्रस्ताव दिया गया था और दबाव भी बनाया गया था जिसके बाद कलेक्टर कोरिया द्वारा मोहित पैकरा के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए करोड़ों रुपए के कार्य की स्वीकृति अभी हाल ही में दी गई है,बतलाया जाता है कि अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने भी कलेक्टर कोरिया को कार्यों की स्वीकृति हेतु सूची सौंपी थी लेकिन उनकी मांगों को अनसुना किया गया है जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दबाव बनाकर सिर्फ अपना काम स्वीकृत कराने की जानकारी मिल रही है।

## विधायक भैयालाल राजवाड़े नहीं चाह रहे थे अध्यक्ष बनाना

मोहित पैकरा संगठन की मर्जी के कारण जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचे हैं लेकिन इससे उलट विधायक भैयालाल राजवाड़े उन्हें अध्यक्ष बनाने के खिलाफ थे। मोहित पैकरा द्वारा संगठन से ऊपर उठते हुए जिस प्रकार की कार्यशैली के साथ काम किया जा रहा है उसे देखकर लगता है कि शायद विधायक भैयालाल राजवाड़े को यह पूर्व से आभास था कि मोहित पैकरा द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए पार्टी की छवि धूमिल की जाएगी और मन मुताबिक काम तथा एकला चलो की नीति अपनाई जाएगी लेकिन संगठन ने मोहित पैकरा को अध्यक्ष बनाया वहीं अब श्री राजवाड़े की दूरदर्शी सोच साफ दिखलाई दे रही है।

## खुद की लॉबिंग तैयार करना कितना सही,क्या देख रहे हैं 2028 में विधायक बनने का सपना?

मोहित पैकरा ने शुरू से पंचायत स्तर पर राजनीति की है,लेकिन इस बार अप्रत्याशित तौर पर उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी मिल गई है,यह कुर्सी उन्हें पच नहीं रही है। बतलाया जाता है कि मोहित पैकरा द्वारा खुद को प्रदेश के सीएम का करीबी रिश्तेदार बतलाया जाता है और अब सिर्फ अपने समाज के लोगों को साथ लेकर अलग लॉबी बनाई जा रही है,सूत्रों का कहना है कि मोहित पैकरा के सलाहकार ने 2028 के विधानसभा चुनाव में उन्हें विधायक बनने का सपना दिखा दिया है जिसे लेकर वे अब ऊंचे ख्वाब देखने लगे हैं।

## रेणुका पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री तो भैयालाल पूर्व कैबिनेट मंत्री लेकिन मोहित पैकरा खोजते हैं उनसे ज्यादा प्रोटोकॉल

भाजपा की राजनीति कब किस करवट बैठ जाए यह अच्छे अच्छे राजनैतिक जानकर भी नहीं समझ पाए कुछ इसी वाकये ने केंद्रीय राज्यमंत्री रहीं रेणुका सिंह और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रहे भैयालाल राजवाड़े को विधायक पद तक सीमित रख दिया लेकिन उसके बाद भी पूर्व मंत्री होने के नाते उन्हें प्रोटोकॉल में ऊंचा स्थान है इसके उलट जिला पंचायत अध्यक्ष जिन्हें कोई खासा प्रोटोकॉल नहीं मिलता वे अब जिले में रेणुका सिंह और भैयालाल राजवाड़े से ज्यादा सम्मान पाने की इच्छा रखते देखे जाते हैं।

## क्या संगठन के निर्णय के खिलाफ काम करने पर संगठन लेगा सुध या ऐसी चलेगी मनमानी?

अल्प समय में ही जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा द्वारा ऐसे काम किए जा रहे हैं जो संगठन के लिहाज से उचित नहीं है। देखा जा रहा है कि भाजपा जिला संगठन द्वारा जिस कार्य को करने की बाधा है मोहित पैकरा द्वारा उस काम को करने में ज्यादा रुचि दिखलाई जाती है। भाजपा संगठन वाली पार्टी मानी जाती है यहां संगठन के निर्णय के खिलाफ काम करना एकदम वर्जित है लेकिन मोहित पैकरा द्वारा संगठन के खिलाफ जाकर भी काम किया जा रहा है,उनके मनमाने रवैए एवं कार्यशैली से संगठन सुध लेकर लगाम लगाएगा,कार्यवाही होगी या फिर ऐसे ही उनकी मनमानी चलती रहेगी यह देखने वाली बात होगी।

# इस शहर को भी अपना घर समझे और स्वच्छ रखेःउपमुख्यमंत्री अरुण साव

-संवाददाता-
कोरबा,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।





छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी,विधि व विधायी कार्य,तथा नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत लगभग 30 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। जिसमें भूमिपूजन के 74 कार्य राशि 24 करोड़ 76 लाख और लोकार्पण के 19 कार्य राशि चार करोड़ 60 लाख रूपये शामिल है। उन्होंने विवेकानंद उद्यान के सामने अटल परिसर का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने अटल परिसर में स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकूर,कलेक्टर श्री अजीत वसंत, एसपी श्री सिद्दार्थ तिवारी सहित वार्ड पार्षद अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह गौरव की बात है कि अब प्रदेश के नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होने लगा है। कोरबा नगर पालिक निगम को भी स्वच्छता के लिए पुरुस्कार मिलना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कोरबा में तेज गति से स्वच्छता का काम हो रहा है। आने वाले समय में कोरबा नम्बर वन पर रहे, इसके लिए आमजनों का सहयोग जरूरी है। प्रभारी मंत्री श्री साव ने कहा कि जिस तरह हर व्यक्ति अपने घर को स्वच्छ रखता है। उसी तरह शहर को भी अपना घर समझे और स्वच्छ रखे। कोरबा शहर साफ सुथरा हो, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ियों का मान सम्मान करते हुए अलग राज्य बनाया। आज उनकी वजह से ही यह छत्तीसगढ़ विकास की राह में लगातार आगे बढ़ रहा है। अटल जी के देश के विकास में योगदान को याद करने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित की जा रही है। श्री साव ने कोरबा के विकास के लिए नगर निगम में 72 कार्यों हेतु 18 करोड़ रुपये और देने की घोषणा करते हुए कहा कि कोरबा ऊर्जाधानी है और यहाँ के लोगों में ऊर्जा बनी रहे इस दिशा में कार्य करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में विकास के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। अकेले कोरबा नगर निगम को 280 करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए दी गई है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की राशि से भी विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महतारी वन्दन योजना प्रारंभ की गई है। इससे प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में हर माह 5 तारीख को राशि पहुँच जाती है। उन्होंने कोरबावासियों से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चाहते हैं कि सभी शहर स्वच्छ रहे और वे इस पर नजर बनाए रहते हैं, इसलिए कोरबा को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा सीएसआर से मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 3 बस,एक सेक्शन मशीन, एक ई-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में 5 हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी, 5 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम में नगर निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में आठवां स्थान प्राप्त करने पर मंत्री का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।

## शासकीय देशी मदिरा दुकान से खरीदी गई बोतल में मिला कीड़ा

-संवाददाता-
कोरबा,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में मदिरा का सेवन करने के शौकीनों की चिंता कई कारणों से बढ़ रही है। उनकी प्रिय चीज में अगर खतरनाक जीव-जंतू नजर आये तो परेशान होना लाजिमी है। इसी कड़ी में कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा नगर की शासकीय देशी मदिरा दुकान से खरीदी गई एक बोतल में कीड़ा मिलने के बाद लोगों ने हंगामा किया। जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग पर आबकारी विभाग के द्वारा उक्त मदिरा दुकान का संचालन किया जा रहा है। छ.ग. एक्साईज की ओर से लॉच किये गए प्रोडक्ट यहां पर रखे गए हैं। बताया जा रहा हैं की रविवार को भी कुछ मदिरा शौकीन वहा मदिरा का क्रय करने पहुंचे थे। इस दौरान क्रय की गई एक बोतल का अवलोकन करने पर डर के साथ हंगामा मच उठा । वजह उक्त बोतल में काले रंग का कीड़ा पाया जाना था । मदिरा क्रय करने के लिए संबंधित व्यक्ति ने भुगतान कर दिया था। ऐसे में हंगामा का आधार मजबूत हो गया। खबर वायरल हुई तो आसपास के लोग भी यहां जमा हो गए। उन्होंने कहा कि हम लोग कामकाज की थकान और तनाव कम करने के लिए जिस चीज का इस्तेमाल करते हैं वह हमारे स्वास्थ्य के लिए तनाव पैदा कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बॉटलिंग प्लांट में सुरक्षित रूप से कामकाज किया जा रहा है तो उक्त बोतल में कीड़ा कहां से आ गया। इससे पहले कोरबा जिले की कुछ दुकानों में मदिरा में मिलावट करने के मामले भी सामने आ चुके हैं और जिसपर कई बार गंभीर सवाल भी उठे हैं।

# एमसीबी नया जिला तो बना अब मुख्यालय कहां रहेगा उसे तय करने के लिए आंदोलन करने की मिल रही चेतावनी

**एक वर्ग चाह रहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रहे मुख्यालय तो दूसरा वर्ग कहीं और मुख्यालय को स्थापित करने की कर रहा प्रयास**

**मनेंद्रगढ़ का जनसैलाब बोला,हाईवे से हटेगा मुख्यालय तो आंदोलन तय**








-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

नवीन जिला एमसीबी अस्तित्व में आ चुका है इसके बनने से लेकर इसके अस्तित्व में आने तक काफी संघर्ष देखने को मिला था, फिर भी अंततः कांग्रेस की सरकार में यह जिला अस्तित्व में आ गया था, यह जिला हमेशा ही कांग्रेस की देन मानी जाएगी,पर आज इस जिले का मुख्यालय कहां स्थित होगा इसे लेकर लड़ाई चल रही है, मुख्यालय को स्थाई रूप से जगह देने का अब समय आ गया है, पर यह जगह कौन सा होगा इसे लेकर संशय बरकरार है,लड़ाई भी जारी है एक वर्ग चाह रहा है कि मुख्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही रहे ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को इसका लाभ मिल सके, वही दूसरा वर्ग इसे राष्ट्रीय राजमार्ग से पृथक रखना चाह रहा है अब देखना यह है कि आखिर एमसीबी जिले का मुख्यालय स्थाई रूप से कहां स्थापित होगा?

जिला मुख्यालय निर्माण को लेकर पुरानी ज्वाला भड़का दी है। अब व्यापारी वर्ग और आमजन खुलकर अपनी आवाज उठा रहे हैं। अधिकांश नागरिकों का कहना है कि कलेक्टर कार्यालय का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर ही होना चाहिए, अन्यथा विरोध की लहर तेज हो सकती है। व्यापारी हेमंत सोनी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पुरानी यादों को ताजा करते हुए लिखा,जब मनेंद्रगढ़ एमपी में था,तब 1984 से जिला बनाओ आंदोलन की नींव डाली गई। उस दौर में भाजपा नेता स्वर्गीय शशि भूषण अग्रवाल के नेतृत्व में नगर बंद, क्रमिक भूख हड़ताल और 1998-99 में जेल भरो आंदोलन तक चला। मनेंद्रगढ़ वासियों ने बैकुंठपुर,शहडोल, अंबिकापुर और रामानुजगंज तक की जेलें भर दीं। आज जब मनेंद्रगढ़ को उसका हक मिलना चाहिए, तो संदेह क्यों? क्या हमारे ही क्षेत्र के मंत्री (जो खड़गवां निवासी हैं) इस विषय पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रहे? साथ ही जिले का नाम विकृत कर दिया गया है, जिससे असंतोष और गहराता जा रहा है।

## पूर्व विधायक गुलाब कमरों की चेतावनी

एमसीबी जिले में कलेक्टर कार्यालय के निर्माण स्थल को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा, चयनित स्थल एनएच-43 से दूर और असुरक्षित है। दूरस्थ ग्रामीणों के लिए यहां तक पहुंचना कठिन होगा। पहले उन्हें हाईवे तक आना पड़ेगा, फिर अतिरिक्त साधन (रिक्शा या ऑटो) से सफर करना होगा। यह न केवल समय साध्य होगा बल्कि आर्थिक बोझ भी डालेगा।

## स्थानीय संगठनों का दबाव बढ़ा...

शहर के कई सामाजिक संगठन,व्यापारी संघ और जागरूक नागरिक अब एक स्वर में कह रहे हैं,कलेक्टर कार्यालय का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के किनारे ही होना चाहिए। उनका मानना है कि यह स्थान जिले के सभी हिस्सों के लिए सुविधाजनक और सुगम रहेगा। अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन जनभावनाओं को समझेगा या विरोध की चिंगारी आंदोलन का रूप लेगी?

# स्व. सहायता समूह की दीदी विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर बनी आत्मनिर्भर

## जिले में 11 हजार 559 समूहों का गठन किया गया है,समूह से 1 लाख 24 हजार से अधिक महिलाएं जुड़कर कर रही है कार्य











**जशपुरनगर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सभी विकास खंड में 11 हजार 559 स्व सहायता समूह का गठन किया गया है जिसमें 1 एक लाख 24 हजार 117 महिला सदस्य जुड़े हुए हैं। और विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन गए हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें स्व सहायता समूह को 703 ग्राम संगठन एवं 32 संकुल संगठन के माध्यम से संगठित किया गया है. गठित स्व सहायता समूह सदस्यों की आय में निरंतर वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास भी किए जा रहे हैं। महिलाओं को कृषि के माध्यम से बीज उपचार,प्राकृतिक खाद, द्रव जीवामृत,घन जीवामृत,ब्रह्मास्त्र,नीमस्त्र, का निर्माण एवं निरंतर प्रयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है,इस प्रकार से कृषि पशुपालन,मत्स्य पालन,किराना दुकान,ईट निर्माण,आदि विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं जिसमें मुख्यतः कृषि विभाग, पशुपालन विभाग,मत्स्य पालन विभाग,रेशम विभाग,रोजगार गारंटी योजना,आदि में संचालित होने वाली योजनाओं से जोड़कर स्व सहायता समूह सदस्यों की आय में वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सामुदायिक निधि के द्वारा समूह सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही साथ बैंक के माध्यम से स्व सहायता समूह का बैंक लिंकेज एवं मुद्रा लोन के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में आजीविका गतिविधि हेतु राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

# महिला,पूर्व पटवारी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार,न्यायिक रिमांड पर भेजे गए

**कुसमी,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** जिला बलरामपुर के कुसमी तहसील क्षेत्र में भू-अभिलेखों की कूट रचना और अवैध भूमि प्रविष्टि से जुड़े संगठित षड्यंत्र के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक महिला,एक तत्कालीन पटवारी और एक अन्य ग्रामीण शामिल हैं। सभी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### क्या है पूरा मामला ?

प्रकरण की शिकायत नायब तहसीलदार पारस शर्मा द्वारा थाना कुसमी में दर्ज कराई गई। आवेदन में बताया गया कि वर्ष 2013-14 में ग्राम कंजिया की भूमि खसरा नंबर 536/5 (रकबा 0.012 हेक्टेयर) पर अवैधानिक रूप से सरस्वती गुप्ता के नाम से फर्जी प्रविष्टि दर्ज की गई थी। आरोप है कि इस फर्जीवाड़े में तत्कालीन पटवारी बिहारी कुजूर और अंबिकेश गुप्ता की भी भूमिका रही। सरस्वती गुप्ता ने न्यायालय में एक कूटरचित आदेश पेश किया, जिसे अंबिकेश गुप्ता ने असली बताते हुए वर्ष 2012-13 के राजस्व अभिलेखों में छेड़छाड़ कर अवैध रूप से दर्ज किया।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ अपराध

प्रकरण में धारा 420 (धोखाधड़ी),467 (दस्तावेजों की जालसाजी),468 (धोखाधड़ी हेतु जालसाजी),471 (जाली दस्तावेज का प्रयोग),120-बी (षड्यंत्र), और 34 (सामूहिक अपराध) के तहत अपराध क्रमांक 61/2025 पंजीबद्ध किया गया है।



### पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला अपराध

गिरफ्तार आरोपियों में सरस्वती गुप्ता पति स्वर्गीय मोतीलाल गुप्ता,निवासी कुसमी,बिहारी कुजूर, तत्कालीन हल्का पटवारी,तहसील कार्यालय कुसमी और अंबिकेश गुप्ता पिता स्वर्गीय मोतीलाल साहू, निवासी कुसमी शामिल हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहाँ उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर और भी गिरफ्तारियां की जा सकती हैं। पुलिस विभाग के अनुसार,मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल दी गई और उनके निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि राजस्व अभिलेखों से जुड़े ऐसे मामलों में अब शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी।

# अग्निवीर वायु सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**जशपुरनगर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ के अविवाहित महिला एवं पुरूष आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष 2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन वेबसाईट www.agnipathvayu.cdac.in पर 11 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 रात्रि 11.00 बजे तक किये जा सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निवीर वायु में आवेदन करने हेतु आवेदक के लिए योग्यता निर्धारित की गई है। जिसमे तहत् आवेदक का जन्म 02 जूलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ होना होगा और जो 10 .2 या समकक्ष विज्ञान समुह फिजिक्स, मैथ्स, और अंग्रेजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय या राज्य या केन्द्र शासित बोर्ड से न्युनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो व 12 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साईस, इन्स्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी,इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी मान्यता प्राप्त बोर्ड राज्य अथवा केन्द्र शासित से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा जिसमें इन्टरमिडिएट,मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो व 02 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स या इन्टरमिडिएट-मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है ऑनलाईन पंजीयन करवा सकतें है। आवेदन के समय आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी,फोटोग्राफ एवं निवास प्रमाण-पत्र के साथ रोजगार कार्यालय में उपस्थित हो सकतें है।

# आकाशीय बिजली का कहर : खेत में काम कर रहे नाबालिग समेत 2 लोगों की मौत,6 गंभीर घायल



**बलरामपुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलसर गांव में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। खेत में काम कर रहे दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। वहीं इस हादसे में छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,जिनका इलाज शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलसर गांव के कुछ ग्रामीण खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इस दौरान एक युवक मोबाइल फोन चला रहा था, तभी अचानक तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। घटना में मौके पर ही एक नाबालिग की मौत हो गई। अन्य घायलों को तत्काल इलाज के लिए शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक और युवक सुवेश्वर नगेशिया ने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, घटना के समय मौसम में अचानक बदलाव हुआ और तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी,जिससे सभी लोग चपेट में आ गए। अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### घायलों का नाम

- संतोष तिग्गा पिता बहादुर तिग्गा उम्र 40 वर्ष जाति उरांव पता बेलसर थाना शंकरगढ़।
- सुशीला तिग्गा पति संतोष तिग्गा उम्र 35 वर्ष जाति ऊराव पता बेलसर थाना शंकरगढ़।
- संतोष अगरिया पिता भोला अगगरिया उम्र 24 वर्ष पता बेलसर थाना शंकरगढ़।
- धनेश्वर अगरिया पिता धरमपाल उम्र 19 वर्ष पता बेलसर थाना शंकर गढ़।
- मन रखनन पिता स्वर्गीय लूथे उम्र पच्चीस वर्ष जाति अगरिया पता बेलसर थाना शंकर गढ़।
- लोखनाथ पिता पिता बच्चू राम राम उम्र 55 वर्ष जाति कंवर पता इंदाकोन थाना शंकरगढ़।

### मृतकों के नाम

- मनेश्वर अगरिया पिता धर्मपाल उम्र 18 वर्ष पता बेलसर थाना शंकरगढ़।
- सुवेश्वर नगेशिया पिता पता भरतपुर उम्र लगभग 37 वर्ष। थाना शंकरगढ़।

# दुष्कर्म एवं मानव तस्करी के मामले मे शामिल मुख्य आरोपी रंका झारखंड से किया गया गिरफ्तार

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा मुख्य आरोपी के विरुद्ध की गई सखृत कार्यवाही
- थाना मणिपुर पुलिस टीम द्वारा पूर्व मे पीड़िता कों बरामद कर मामले मे शामिल 07 आरोपियों कों किया गया था गिरफ्तार



**अम्बिकापुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** घटना के संबंध में बताया गया कि प्रार्थिया द्वारा दिनांक 21/06/25 को थाना मणिपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि लगभग 06 माह पूर्व प्रार्थी की चचेरी बहन काम की तलाश मे प्रार्थिया के पास आई थी,कुछ दिन अंबिकापुर के होटल मे प्रार्थिया के साथ काम करने के बाद प्रार्थिया की बहन अलग अलग जगह काम करते हुए बंडाबहरा अंबिकापुर स्थित एक होटल मे वेटर का काम करने लगी होटल मालिक द्वारा होटल के पास मे ही दिये गये किराये के कमरे मे रहती थी कि दिनांक 05/06/25 को प्रार्थिया और उसके अन्य साथी चचेरी बहन से मिलकर आये थे,कि दिनांक 19/06/25 को प्रार्थिया के मोबाईल नम्बर पर अज्ञात मोबाइल नंबर धारक द्वारा फोन कर बोला गया कि प्रार्थिया की बहन उसके पास है,एक लाख रूपये दो और अपनी बहन को ले जाओ फिर उसके बाद प्रार्थिया की बहन से उसका बात कराया गया,तब प्रार्थिया अपनी चचेरी बहन से पूछताछ की तों पीड़िता बताई कि पीड़िता का अम्बिकापुर मे काम करने के दौरान इमरान अंसारी से जानपहचान हुआ था,बातचीत करने के दौरान इमरान पीड़िता कों पसंद करने की बात बोलकर शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया, बाद मे पीड़िता इमरान कों शादी करने के लिए बोली तो टाल-मटोल करते हुए अपने भैया काबिल एवं भाभी हीना के घर चठिरमा रहने के लिए भेज दिया,साथ मे रखने की बात बोलने पर कुछ दिन बाद के बाद ले जाउंगा कहकर झूठ बोलकर चला गया।इमरान को बार बार फोन करने पर भी वह नही आया,ये सभी बातों को काबिल और हीना भाभी को बतायी तो हीना पीड़िता से बोली कि उसके पति काबिल का कानपुर उत्तर प्रदेश मे एक परिचित है। जिसके घर मे काम करने के लिए एक लड़की चाहिए कहकर झांसे मे लेकर चठिरमा अम्बिकापुर निवासी काबिल अंसारी उसकी पत्नी हीना और रामेश्वरी सोनवानी पीड़िता कों अधिक पैसे का काम दिलाने का झांसा देकर उत्तरप्रदेश ले जाकर एक लाख रूपये में बेच दिए है, मामले मे प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना मणीपुर में अपराध कमांक 184/25 धारा 143(2),87,3 (5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले कों संज्ञान मे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे विशेष पुलिस टीम का गठन कर पीड़ित युवती कों तत्काल बरामद कर मामले के आरोपियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था,इसी क्रम मे पुलिस टीम द्वारा दौरान विवेचना मामले की प्रार्थिया से पुछताछ कर कथन दर्ज किया जाकर आरोपियों के सम्बन्ध मे तकनिकी जानकारी प्राप्त कर मामले मे शामिल आरोपियों कों दिनांक 21/06/25 कों गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01) काबिल अंसारी पिता समीम अंसारी उम्र 31 वर्ष साकिन ग्राम बांहो कुदा थाना रंका जिला गढ़वा झारखण्ड हा.मु. चठिरमा बैरियर के पास थाना गांधीनगर (02) हीना पति काबिल अंसारी उम्र 29 वर्ष साकिन टपरकेला थाना लखनपुर (03) रामेश्वरी सोनवानी पति ज्ञानचंद सोनवानी उम्र 51 वर्ष साकिन टपरकेला थाना लखनपुर का होना बताये, मामले के आरोपी काबिल अंसारी का दिनांक 21/06/25 से पुलिस रिमांड लेकर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर बताया कि आरोपी काबिल अंसारी का जान-पहचान भिंड मध्यप्रदेश निवासी सुरेन्दर कुशवाहा से करीब 02 वर्ष पूर्व हुआ था,जो शादी के लिए लड़की खोजने गढ़वा झारखण्ड आया था वही काबिल अंसारी का मुलाक़ात सुरेन्द्र कुशवाहा से हुआ था, बातचीत के दौरान सुरेन्दर आरोपी से बोला था कि कोई लड़की मिलेगी तो बताना शादी के लिए गांव के लड़को से शादी करा देगें और उसके बदले अच्छा पैसा भी दिलवाउंगा फिर उसने अपना मोबाईल नंबर भी दिया था, कि इसी दौरान आरोपी की पत्नी की सहेली (पीड़िता) लगभग 20-22 दिन पहले आरोपी के घर आई थी,तब आरोपी पीड़िता को देखकर उसकों शादी के लिए बेचकर पैसा कमाने की योजना होने की जानकारी अपनी पत्नी हीना कों बताया,और बाद मे अपनी सास रामेश्वरी कों भी रुपये का लालच देकर घटना मे शामिल कर लिया। बाद मे सुरेन्दर कुशवाहा के कहने पर आरोपी काबिल अंसारी उसकी पत्नी हीना और सास रामेश्वरी के साथ मिलकर पीड़िता कों कानपुर उत्तरप्रदेश ले गए जो आरोपी काबिल,सुरेन्दर कुशवाहा से संपर्क किया तब सुरेन्दर बोला कि अपनी सास रामेश्वरी कों लड़की की माँ बनाकर औरया उत्तरप्रदेश भेज दो,तब आरोपी अपनी सास रामेश्वरी के साथ पीड़िता कों औरया उत्तरप्रदेश भेज दिया जहा पर सुरेन्दर कुशवाहा एवं उसका साथी सकील मिला जो रामेश्वरी से कुछ बात किये फिर सभी आरोपीगण पीड़िता कों शादी करने की बात बोले जो पीड़िता द्वारा मना करने पर आरोपियों द्वारा पीड़िता कों जान से मारने की धमकी देकर जबरन विवाह हेतु हामी भरवाया गया।

# 2024 से पूर्व रोजगार पंजीकृत समस्त दस्तावेजों का आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर से लिंक करना होगा अनिवार्य

**जशपुरनगर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में 2024 से पूर्व रोजगार पंजीकृत समस्त आवेदक स्वयं का आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर को रोजगार पंजीयन में लिंक कराना अनिवार्य है। आवेदक इस हेतु वेबसाईट https://erojgar.cg.gov.in/ प्ले स्टोर पर उपलब्ध छत्तीसगढ़ रोजगार एप अथवा कार्यालयीन समय में रोजगार कार्यालय में आ कर करवा सकते है।

# पुलिस ने मेल एकाउंट के एक और आरोपी को दबोचा

**बलरामपुर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** बलरामपुर पुलिस ने साइबर ठगी के पैसों के लेनदेन के लिए अपना बैंक अकाउंट म्यूल अकाउंट उपलब्ध करने वाला खाता धारक आरोपी को दबोचकर भेजा सलाखों के पीछे। गिरफ्तार आरोपी जसनाथ मिंज पिता पलटन मिंज उम्र 32 वर्ष निवासी आरागाही थाना रामानुजगंज का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा म्यूल अकाउंट के खाता धारकों पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में जांच के दौरान थाना रामानुजगंज क्षेत्र के म्यूल अकाउंट खाता धारक आरोपी जसनाथ मिंज को तलब कर पूछताछ करने पर बताया गया कि वर्ष 2024 में उसे अपने नाम से खाता खुलवाकर ठग गिरोह को देने पर खाता के बदले में 5000 रुपए प्रतिमाह देने का झांसा दिया गया था जिसके लालच में आकर आरोपी द्वारा अवैध धन अर्जन करने के उद्देश्य से केनरा बैंक में खाता खुलवाकर ठगी करने वाले आरोपी को दे दिया गया था , जांच के दौरान आरोपी जसनाथ मिंज के खाते में कुल 390639 रुपए का अवैध ट्रांजेक्शन होना पाया गया। आरोपी जसनाथ मिंज के द्वारा छल से रुपए प्राप्त कर अवैध लाभ अर्जित करने का अपराध साक्ष्य पाए जाने पर दिनांक 19.07.25 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



# सफलता की कहानी : मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम जोरंडाझरिया के बेहराटोला में पुनःबहाल हुई विद्युत आपूर्ति

**जशपुरनगर,20 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम जोरंडाझरिया के बेहराटोला में विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल होने पर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि विकासखंड फरसाबहार के ग्राम जोरंडाझरिया के बेहराटोला के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इस वजह से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा बेहराटोला में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं का तत्परता के साथ समाधान किया जाता है। विशेषकर बिजली,पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं से संबंधित समस्याओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है।



**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर**
**जिला-सरगुजा,छ0ग0**

क्रमांक/204/ वाचक/2025
लखनपुर

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती तारा सिंह पत्नि स्व. कामेश्वर सिंह निवासी लखनपुर मकान नं 127 वार्ड क्रमांक 09 जिला सरगुजा (छ.ग.) ने अपने व्यपवर्तित भुमि खसरा नंबर 196/6 जो कि 0.026 हे. है को अनावेदिका श्रीमती शकुन्तला गुप्ता पत्नि श्री कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.) से करने के लिए अनुमति बावत आवेदन प्रस्तुत किया है जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार से भी कोई आपत्ति हो तो वे तत्काल न्यायालय तहसीलदार लखनपुर में अपनी आपत्ति वैध दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं । दिनांक 27/07/2025 के बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सील

आदेशानुसार
कार्यालय तहसीलदार
लखनपुर
जिला सरगुजा
(छ.ग.)

# चौथे टेस्ट के लिए टीम इंडिया पहुंची मैनचेस्टर

## » चौथे टेस्ट की तैयारियों में जुटे खिलाड़ी




**मैनचेस्टर,20 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट मैच खेला जाना है। ऐसे में टीम इंडिया 19 जुलाई की दोपहर ट्रेन से मैनचेस्टर पहुंची, जहां खिलाड़ियों का स्वागत हल्की बारिश ने किया। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के मैनचेस्टर पहुंचने की तस्वीरें एक्स पर शेयर की हैं, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में सभी खिलाड़ी ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते हुए टीम बस में सवार होते दिखाई पड़ रहे हैं। लॉर्ड्स में मिली हार के बाद भारतीय टीम लंदन में ही रुकी हुई थी और बेकेनहैम में एक ट्रेनिंग सेशन भी किया,जिसमें केएल राहुल को छोड़कर सभी खिलाड़ी मौजूद थे। मैनचेस्टर पहुंचने के बाद अब टीम इंडिया की नजरें चौथे टेस्ट की तैयारियों पर लगी हैं। मैनचेस्टर टेस्ट से पहले तीनों दिन टीम इंडिया मैदान पर जमकर अभ्यास करेगी। पहला सेशन बंद दरवाजों के पीछे होगा। हालांकि, मीडिया को 21 और 22 जुलाई को होने वाले प्रैक्टिस सेशन को कवर करने की इजाजत होगी।

### तेज गेंदबाज चौथे टेस्ट से पहले चोटिल

इस बीच अर्शदीप सिंह के चोटिल होने से भारतीय खेमे में थोड़ी टेंशन है। अर्शदीप 17 जुलाई को प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोटिल हो गए थे। गेंद को रोकने की कोशिश में उनके बाएं हाथ में चोट लग गई थी और फिर उन्हें टांके लगाने पड़े। ऐसे में अब उनका चौथे टेस्ट मैच में खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। इस तरह युवा तेज गेंदबाज का टेस्ट डेब्यू का इंतजार लंबा होता जा रहा है। अब देखना होगा कि अर्शदीप कब तक फिट हो पाते हैं और क्या उन्हें इस दौरे पर डेब्यू करने का मौका मिल पाता है या नहीं।

### टीम इंडिया कर पाएगी वापसी ?

गौरतलब है कि भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में जबरदस्त टक्कर देखने को मिल सकती है क्योंकि गिल सीरीज में बराबरी हासिल करने के लिए काफी बेताब हैं। लॉर्ड्स टेस्ट 22 रनों से गंवाने वाली टीम इंडिया हर हाल में चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-2 की बराबरी करना चाहेगी। वहीं, इंग्लैंड सीरीज पर कब्जा जमाने के इरादे से उतरेगी।



# एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी पर अपना नाम होना बहुत बड़ा सम्मान

**मैनचेस्टर,20 जुलाई 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज अपने निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ रही है। तीन मुकाबलों के बाद मेजबान इंग्लैंड 2-1 की बढ़त बना चुका है और अब दोनों टीमें मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 जुलाई से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए कमर कस चुकी हैं। भारत के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा होगा, जहां वो हर हाल में जीत हासिल कर सीरीज को बराबरी पर लाना चाहेगा।इस बीच, इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का एक अहम बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी नाम देने पर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। एंडरसन ने स्काय स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा कि यह जरूरी नहीं कि आपके नाम पर ट्रॉफी का होना कितना बड़ा है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि आपके नाम के साथ सचिन तेंदुलकर का नाम है, जो मेरे लिए अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं।

### ईसीबी के ऐलान के बाद बदला गया ट्रॉफी का नाम

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में यह घोषणा की कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज अब पटौदी ट्रॉफी के बजाय एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी। यह बदलाव जेम्स एंडरसन के ऐतिहासिक योगदान और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बनने के सम्मान में किया गया है, वहीं सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट का भगवान कहे जाने की वजह से उनके नाम को इस ट्रॉफी से जोड़ा गया है।

### एंडरसन के लिए बहुत बड़े सम्मान की बात

उन्होंने आगे कहा कि ट्रॉफी पर अपने साथ उनका नाम देखता हूं तो बड़ा अजीब लगता है। वह उनका काफी सम्मान करते हैं। उन्होंने बचपन से उन्हें देखा है और उनके खिलाफ खेला है। वह इतने महान क्रिकेटर रहे हैं जिन्होंने पूरे देश की उम्मीदों का बोझ अपने पूरे करियर में उठाया है। उनके साथ इस तरह का कुछ शेयर करना बहुत बड़े सम्मान की बात है।

# टी 20 आई और ओडीआई सीरीज के लिए टीम का ऐलान



**बेलफास्ट,20 जुलाई 2025।** आयरलैंड और जिम्बाब्वे के बीच तीन टी 20आई और दो वनडे मैचों की सीरीज होने जा रही है। ऐसे में आयरलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी वनडे और टी 20आई दोनों टीमों की घोषणा कर दी है। गैबी लुईस को टी20 और वनडे दोनों टीमों का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि ओरला प्रेंडरगैस्ट को उपकप्तान बनाया गया है। यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें आयरलैंड में टी 20आई मैच खेलेंगी। आयरलैंड का जिम्बाब्वे के खिलाफ टी 20आई मैचों में शानदार रिकॉर्ड रहा है। दोनों टीमों के बीच हुए सभी सात मुकाबलों में आयरलैंड ने जीत हासिल की है। आयरलैंड का दबदबा वनडे मैचों में भी कायम है। आयरिश टीम ने आठ में से 6 मैच जीते हैं, जबकि एक मैच टाई रहा।

लारा मैकब्राइड को आयरलैंड की सीनियर टीम में पहली बार शामिल किया गया है। इस साल जनवरी में आईसीसी और अंडर-19 महिला टी 20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली 19 साल की ऑफ स्पिनर ने इवोक सुपर सीरीज में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और टीम में अपनी जगह पक्की की। 22 जुलाई को दूसरा और 23 जुलाई को तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। तीनों मुकाबले एक ही वेन्यू पर खेले जाएंगे। टी 20आई सीरीज के बाद दोनों टीमें वनडे सीरीज में आमने-सामने होंगी। दोनों वनडे मैच बेलफास्ट में खेले जाएंगे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी 20आई सीरीज के लिए आयरलैंड की टीमः-गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, लॉरा डेलानी,एमी हंटर,अर्लीन केली,लुईस लिटिल,सोफी मैकमोहन,जेन मैगुइरे, लारा मैकब्राइड, कारा मरे, लीह पॉल, ओरला प्रेंडरगैस्ट और रेबेका स्टोकेल।

जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए आयरलैंड की टीमः-गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग,क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्जेल,लॉरा डेलानी, सारा फोर्ब्स, एमी हंटर, अर्लीन केली, लुईस लिटिल,जेन मैगुइरे, लारा मैकब्राइड,कारा मरे,लीह पॉल और ओरला प्रेंडरगैस्ट।

# ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी 20 मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 किया ऐलान




## मिचेल ओवेन का डेब्यू हुआ पक्का

**जमैका,20 जुलाई 2025।** वेस्टइंडीज के दौरे पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को अपने नाम करने के बाद अब ऑस्ट्रेलियाई टीम को 21 जुलाई से मेजबान के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है, जिसका पहला मुकाबला जमैका के सबाइना पार्क में खेला जाएगा। इस सीरीज में कंगारू टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी ऑलराउंडर खिलाड़ी मिचेल मार्श संभाल रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच के लिए प्लेइंग 11 का भी ऐलान कर दिया है, जिसमें 23 साल युवा खिलाड़ी मिचेल ओवेन को भी जगह मिली है।

### मैथ्यू शॉर्ट पूरी सीरीज से हुए बाहर, मैकगर्क के पास बड़ा मौका

ऑस्ट्रेलिया की पहले मुकाबले के लिए घोषित की गई प्लेइंग 11 को लेकर बात की जाए तो उसमें मिचेल ओवन को जहां डेब्यू का मौका मिला है,जो वहीं मैथ्यू शॉर्ट जो अब तक पूरी तरह से फिट नहीं हो सके हैं वह इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऐसे में जैक फ्रेजर मैकगर्क को ओपनिंग करने का मौका मिलेगा और इस सीरीज में उनके पास खुद को साबित करने का अच्छा चांस है। मैथ्यू शॉर्ट को जमैका में प्रैक्टिस के दौरान चोट लगी थी,जिसके चलते वह बाहर हो गए। टिम डेविड जो अभी अपनी हैम्सट्रिंग इंजरी से उबर रहे हैं, उन्हें पहले मुकाबले के लिए आराम देने का फैसला लिया गया है और उनकी जगह पर कूपर कोनोली खेलते हुए दिखेंगे।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11

मिचेल मार्श (कप्तान), जैक फ्रेजर-मैकगर्क,जोश इंगलिस (विकेटकीपर),कैमरून ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल,मिचेल ओवेन, कूपर कोनोली,बेन ड्वार्शिस,सीन एबॉट,नाथन एलिस,एडम जम्पा।

### ऐसा रहा है अब तक मिचेल ओवेन का करियर

23 साल के ऑलराउंडर खिलाड़ी मिचेल ओवेन जो पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट में कोई मुकाबला खेलते हुए दिखाई देंगे, इनका ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। मिचेल ने लिस्ट-ए क्रिकेट में सिर्फ 29 गेंदों में शतक लगाने के साथ सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। मिचेल ने अब तक 48 टी20 मैचों में 25.26 के औसत से 960 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 180 से अधिक का रहा है। वहीं गेंदबाजी में भी मिचेल ओवेन 24 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

# टेस्ट सीरीज के बीच करुण नायर ने ले लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,20 जुलाई 2025।** टीम इंडिया के बल्लेबाज करुण नायर इन दिनों इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। लगभग 8 साल के लंबे समय के बाद भारतीय टेस्ट टीम में उनकी वापसी हुई है। अब वह डोमेस्टिक क्रिकेट में अपनी पुरानी टीम के लिए वापसी करने जा रहे हैं। नायर ने कर्नाटक के लिए खेलकर अपने करियर की शुरुआत की थी। लेकिन खराब फॉर्म के चलते उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया था। इसके बाद वह 2023 में विदर्भ की टीम में शामिल हो गए थे। लेकिन अब वह फिर से कर्नाटक की टीम में वापसी करने जा रहे हैं। नायर अब अगले डोमेस्टिक सीजन में अपने घरेलू टीम कर्नाटक के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।



# ओलंपिक 2028 में किस तरह से होगा 6 टीमों का चयन,सामने आए नियम से बवाल मचना तय



**पोमोना,20 जुलाई 2025।** अमेरिका के लॉस एंजेलिस को साल 2028 में होने वाले खेलों के महाकुंभ ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार मिला है, जिसको लेकर अभी से तैयारियां काफी तेज कर दी गई हैं। इस ओलंपिक गेम्स में 128 साल के बाद क्रिकेट को भी शामिल करने का फैसला लिया गया है, जिसका इंतजार सभी फैंस काफी बेसब्री से कर रहे थे। ओलंपिक 2028 में पुरुष और महिला दोनों की 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी, लेकिन कौन-सी छह टीमों को खेलने का मौका मिलेगा इसको लेकर सिंगापुर में चल रही आईसीसी की सालाना मीटिंग में चर्चा हुई, जिसके बाद एक बड़ी खबर सामने आई है।

### टीमों के चयन को लेकर बनाए जा रहे काफी सख्त नियम

लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक 2028 गेम्स में 6 पुरुष टीमों को लेकर जो नियम बनाए जा रहे हैं, उसमें फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार रीजनल रैंकिंग के आधार पर इसका फैसला किया जाएगा। इससे साफ है कि एशिया, ओशिनिया, यूरोप और अफ्रीका रीजन से टॉप पर रहने वाली टीम को सीधे ओलंपिक में खेलने का टिकट मिल जाएगा। मेजबान देश होने के नाते अमेरिका को जहां सीधे खेलने का मौका मिलेगा तो वहीं बाकी की चार टीमें रीजनल रैंकिंग के अनुसार क्वालीफाई कर जाएंगी, जबकि छठी टीम का फैसला करने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा और उसे जीतने वाली टीम ओलंपिक में खेलने का टिकट हासिल करेगी।

### टी20 रैंकिंग में अभी भारत नंबर-1 की पोजीशन पर

आईसीसी यदि रीजनल रैंकिंग के आधार पर टीमों का ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन तय करता है तो इस स्थिति में एशिया रीजन से भारतीय टीम को सीधे जगह मिलना तय माना जा सकता है। अभी टीम इंडिया रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर है तो वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान की टीम 7वें और 8वें नंबर पर है, ऐसे में उन्हें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में खेलना पड़ेगा, जिसे जीतकर ही वह ओलंपिक में अपनी जगह को पक्का कर पाएंगी। बता दें कि ओलंपिक 2028 में क्रिकेट के मुकाबले 12 से 29 जुलाई के बीच पोमोना में खेले जाएंगे।

# मोहम्मद शमी का बंगाल की टीम के लिए हुआ सिलेक्शन

## लिस्ट में आकाश दीप और अभिमन्यु ईश्वरन का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली,20 जुलाई 2025।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की ओर अग्रसर हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बाद से मैदान से दूर चल रहे शमी को बंगाल की 50 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। यह संकेत है कि वह आगामी घरेलू सत्र में एक बार फिर मैदान पर नजर आ सकते हैं। शमी ने आईपीएल 025 में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए वापसी की थी, लेकिन उस सीजन में उनका प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। इसके बाद से ही वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। लेकिन अब बंगाल क्रिकेट संघ द्वारा जारी की गई संभावित खिलाड़ियों की सूची में नाम शामिल होने के बाद उनकी वापसी की उम्मीदें फिर से जगी हैं।

### आकाश दीप और ईश्वरन को भी मिली जगह

बंगाल की इस संभावित सूची में कई और प्रमुख नाम भी शामिल हैं। भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे तेज गेंदबाज आकाश दीप और अभिमन्यु ईश्वरन को भी टीम में जगह दी गई है। ये दोनों फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के साथ हैं। इसके अलावा, अनुभवी तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज अनुस्तुप मजूमदार, स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद और युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल को भी संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। यह सभी खिलाड़ी बंगाल के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र में अहम भूमिका निभा सकते हैं।





### दलीप ट्रॉफी से हो सकती है वापसी

शमी के लिए सबसे बड़ा मौका 28 अगस्त से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी हो सकती है, जिसमें वह ईस्ट जोन की ओर से मैदान में उतर सकते हैं। अगर उनकी फिटनेस पूरी तरह दुरुस्त रहती है तो यह टूर्नामेंट उनके लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का बड़ा मंच बन सकता है।

### मार्च में खेला था आखिरी इंटरनेशनल मैच

गौरतलब है कि शमी पिछले कुछ समय से टखने की गंभीर चोट से जूझ रहे थे। उन्होंने आखिरी बार मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल पांच मैच खेले और 9 विकेट अपने नाम किए थे। इसके बाद से ही वह इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की तैयारियों में जुटे हैं।

बंगाल की 50 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट मोहम्मद शमी,अभिमन्यु ईश्वरन,अनुस्तुप मजूमदार,सुदीप चटर्जी,सुदीप कुमार घरामी,अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), शाकिर हबीब गांधी (विकेटकीपर), काजी जुनैद सैफी, शाहबाज अहमद, प्रदीप्ता प्रमाणिक, रितिक चटर्जी, करण लाल, आकाश दीप, मुकेश कुमार, सिंधु जयसवाल, इशान पोरेल, मोहम्मद कैफ, सुभम चटर्जी, सुमंत गुप्ता, चिन्मय जैन, रनजोत सिंह खैरा, अंकुर पॉल, राहुल कुंडू, आदित्य पुरोहित, गौरव सिंह चौहान, सौरभ कुमार सिंह, ऐशिक पटेल, प्रियांशु श्रीवास्तव, अंकित चटर्जी, सक्षम चौधरी, आमिर गनी, विकाश सिंह (जूनियर), ऋषभ चौधरी, राजू हलदर, श्रेयान चक्रवर्ती, सौरव हलदर, राहुल प्रसाद, अंकित मिश्रा, सुभम सरकार, विशाल भाटी, रोहित, रोहित कुमार, ऋषभ विवेक, सुमित मोहंता, कनिष्क सेठ, संदीपन दास (जूनियर), सायन घोष, नूरुद्दीन मंडल, सौम्यदीप मंडल और युधाजीत गुहा।



# साई पल्लवी नहीं,ब्लॉकबस्टर फिल्म की हीरोइन बनने वाली थी रणबीर की रामायण की सीता,इस एक्टर के चलते कहा ना

नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण लंबे समय से चर्चा में है। पिछले दिनों ही इस फिल्म का टीजर जारी किया गया, जिसमें भगवान राम बने रणबीर कपूर और लंकापति रावण की भूमिका में साउथ सुपरस्टार यश की झलक देखने को मिली। जैसे ही ये टीजर आया सुर्खियों में छा गया। इस फिल्म में रणबीर कपूर श्रीराम, यश रावत तो वहीं साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में दिखाई देंगी। लेकिन,पिछले दिनों एक एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि उन्होंने भी रणबीर कपूर स्टारर रामायण में माता सीता की भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था और मेकर्स की ओर से उन्हें पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिला था। इसी के साथ एक्ट्रेस ने बताया कि आखिर वह इस फिल्म का हिस्सा क्यों नहीं बन सकीं। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्की यश के साथ केजीएफ फ्रेंचाइजी में नजर आ चुकीं श्रीनिधि शेट्टी हैं। श्रीनिधि ने सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में खुलासा किया था कि नितेश तिवारी की रामायण न करने के पीछे का कारण फिल्म के ही एक अभिनेता थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने रामायण के लिए ऑडिशन दिया और तीन सीन अच्छी तरह से किए। निर्माता उनके स्क्रीन टेस्ट से भी प्रभावित थे, लेकिन तभी उन्हें पता चला कि सुपरस्टार यश भी इस फिल्म से जुड़े हैं और रावण की भूमिका निभा रहे हैं, ऐसे में उन्होंने इस फिल्म को न करने का फैसला लिया था।श्रीनिधि के ऐसा करने के पीछे का कारण थी केजीएफ में यश के साथ उनकी रोमांटिक पेयरिंग। एक्ट्रेस के अनुसार, केजीएफ और केजीएफ 2 में दर्शक पहले ही यश के साथ उनकी जबरदस्त केमेस्ट्री देख चुकी थे। उनकी जोड़ी बेहद हिट हुई थी। ऐसे में उन्हें रामायण में सीता की भूमिका निभाना ठीक नहीं लगा, क्योंकि फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। श्रीनिधि के अनुसार,उन्हें लगा कि लोगों के लिए इतने जल्दी ये बदलाव स्वीकार करना आसान नहीं होगा और वह पीछे हट गईं।

# ए.आर. मुरुगादॉस और शिवकार्तिकेयन की फिल्म दिल मद्रासी 5 सितंबर को होगी रिलीज़,

शिवकार्तिकेयन ने पहली बार प्रसिद्ध निर्देशक ए.आर. के निर्देशन में प्रदर्शित होगी। मैं मुरुगादॉस के साथ धमाकेदार एक्शन थ्रिलर दिल मद्रासी' करूंगी। अमरन जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद शिवकार्तिकेयन अब मुरुगादॉस के साथ प्रशंसकों को एक और सरप्राइज देंगे। इस नई जोड़ी की घोषणा से प्रशंसकों में काफी उत्साह पैदा हो गया है। यदि आप चाहें तो मैं इसी विषय पर और भी अपडेट कर सकता हूं। श्री लक्ष्मी मूवीज के बैनर तले बनी फिल्म दिल मद्रासी' एक भव्य सिनेमाई तमाशा होने जा रही है, जो बॉक्स ऑफिस पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। तमिल नववर्ष के खास मौके पर मेकर्स ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। फिल्म दिल मद्रासी' के हाल ही में रिलीज हुए टाइटल टीजर ने फैन्स के बीच काफी उत्साह पैदा कर दिया है।



# पूर्व सीएम और कांग्रेस पर लगा गंभीर आरोप

## भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को बेचने की रची साजिश,10 जनपथ के दबाव में काटे जंगल




**रायपुर,20 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने रविवार को रायपुर स्थित एकात्म परिसर में आयोजित एक अहम प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में हुए घोटालों, पर्यावरणीय स्वीकृतियों में गड़बड़ियों और कथनी-करनी के अंतर को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस हाई कमान भी भूपेश बघेल का साथ देगी, क्योंकि वे चोर चोर मौसेरे भाई हैं।
मंत्री कश्यप ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को बेचने के लिए भूपेश बघेल की सरकार ने कई हथकंडे अपनाए थे। उन्होंने दिल्ली के दस जनपथ से आए निर्देशों के तहत प्रदेश में जनविरोधी फैसले लिए। शराब, महादेव,पीएससी,चारा,गोबर और डीएमएफजैसे घोटालों के जरिए जनता के पैसों की खुलकर लूट की गई। इन घोटालों के मुख्य आरोपी आज जेल की सलाखों के पीछे हैं, लेकिन भूपेश बघेल अब भी खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

**मंत्री केदार कश्यप ने भूपेश बघेल से पूछे कई सवाल**

केदार कश्यप ने भूपेश बघेल पर तीखा हमला करते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार के दौरान कोल ब्लॉक आवंटन जैसे निर्णय लिए गए थे, तो क्या भूपेश बघेल अब उनके लिए माफ़ी मांगेंगे? उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या भूपेश बघेल कांग्रेस भवन की बिजली काटने का साहस दिखाएंगे,जैसे वे दूसरों से उम्मीद करते हैं? मंत्री कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी विफलताओं और घोटालों से ध्यान हटाने के लिए प्रदेश को अराजकता की आग में झोंकना चाहती है। उन्होंने पूछा कि क्या भूपेश बघेल जनता के साथ किए गए धोखे की जिम्मेदारी लेंगे? उन्होंने यह भी दावा किया कि राजस्थान सरकार के मंत्री और तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भूपेश सरकार को पत्र लिखकर यह बताया था कि कैसे 10 जनपथ के दबाव में जनविरोधी निर्णय लिए गए। मंत्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस केवल राजनीति चमकाने और खुद को बड़ा नेता साबित करने के लिए भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है, लेकिन जनता सब देख रही है। इसी कारण, पांच वर्षों में ही कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया गया। अब छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की नई लहर चल रही है।

### पेड़ कटाई और कोल ब्लॉक आवंटन में दोहरा रवैया

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने एक ओर पर्यावरण और आदिवासियों की रक्षा की बात की, लेकिन हकीकत यह है कि भूपेश सरकार ने ही हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई के लिए 'नो गो 'जोन' हटाया। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर 2019 में ही राज्य सरकार ने पर्यावरण



स्वीकृति की सिफारिश की थी, और 2022 में कोल माइंस राजस्थान को आवंटित की गई। कश्यप ने कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि वह एक ओर खदानों को स्वीकृति देती है और विपक्ष में आकर उसका विरोध करती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आर्थिक नाकेबंदी को बढ़ावा देकर राज्य की र्थव्यवस्था और किसानों को नुकसान पहुंचा रही है, ताकि कानून-व्यवस्था बिगड़े और अपराध की स्थिति बने। कश्यप ने कहा कि कांग्रेस अपने नेताओं को बचाने के लिए जनता की बलि चढ़ा रही है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### आत्मानंद स्कूल की शिक्षिका के घर धर्मांतरण का 'खुला खेल'



**बिलासपुर,20 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में धर्मांतरण का एक और मामला सामने आया है। यहां एक आत्मानंद स्कूल की शिक्षिका के घर पर प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन का 'खुला खेल' चल रहा था। सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के कार्यकर्ता पुलिस के साथ गीतांजलि सिटी फेज 2 पहुंचे और जमकर हंगामा किया। फिलहाल, सरकंडा पुलिस शिक्षिका से पूछताछ कर रही है।

### एक ही मामले में एक साथ नहीं चल सकता आपराधिक केस और विभागीय जांच



**बिलासपुर/रायपुर,20 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि जब किसी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ आपराधिक केस पहले से अदालत में चल रहा हो तो उसी मामले में विभागीय जांच एक साथ नहीं की जा सकती। यह फैसला कोतवाली थाना, रायपुर में पदस्थ एएसआई एसबी सिंह के मामले में आया। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि दोनों मामलों में गवाह लगभग एक जैसे हैं। ऐसे में विभागीय जांच से आपराधिक मुकदमे की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। इसलिए कोर्ट ने फिलहाल विभागीय जांच पर रोक लगा दी है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसले के आधार पर आया है, जिसमें कहा गया था कि जब दोनों मामलों में गवाह एक जैसे हों तो पहले आपराधिक मामले की सुनवाई पूरी होनी चाहिए।

### पीडब्ल्यूडी के भ्रष्टाचारी ईई और डिप्टी ईई को 3 साल की सजा




**लगभग 3 करोड़ का किया था गबन**

**दंतेवाड़ा,20 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के एक बड़े प्रकरण में विशेष न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। करीब 15 साल पुराने मामले में 2 लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दोषी पाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, विशेष न्यायाधीश, दंतेवाड़ा ने इस महत्वपूर्ण फैसले में चोवाराम पिस्दा और ज्ञानेश कुमार तारम को दोषी करार दिया है। इस मामले में साल 2010-11 से सुनवाई की जा रही थी। लोक निर्माण विभाग सुकमा में पदस्थ कार्यपालक अभियंता चोवाराम पिस्दा और कोन्टा के उप अभियंता एवं प्रभारी स्छ्ह ज्ञानेश कुमार तारम ने एक सड़क निर्माण योजना में भारी अनियमितता की थी। न्यायालय द्वारा भारतीय दंड साहिता की अलग-अलग धराओं के तहत दोनों आरोपियों को 3 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

### शिकारी की जानकारी देने पर 10 हजार का इनाम देने की घोषणा

**जगदलपुर,20 जुलाई 2025(ए)।** दरभा रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में गुरुवार की सुबह एक हिरण का शव सड़क पर मिला था, इस दौरान उसके शरीर पर तीर मारने के निशान भी देखे गए थे। इस मामले को लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने एक पत्र जारी करते हुए घोषणा की है कि जो भी शिकारियों के बारे में जानकारी देगा,उसे 10 हजार रुपये दिया जाएगा।



## ईओडब्ल्यू-एसीबी के आवेदन पर पप्पू बंसल के खिलाफ जारी हुआ था गिरफ्तारी वारंट



**रायपुर,20 जुलाई 2025 (ए)।** शराब घोटाला केस के आरोपियों में से एक पूर्व सीएम भूपेश बघेल के करीबी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल के खिलाफ ईओडब्ल्यू-एसीबी के आवेदन पर विशेष अदालत ने मई में गिफ्तारी वारंट जारी किया था। पप्पू बंसल अब तक फरार बताए गए हैं। इससे परे पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि पप्पू बंसल ईडी ऑफिस आते-जाते रहा है, और उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

**पप्पू के बयान पर चैतन्य की हुई गिर्तारी'**

पूर्व सीएम का आरोप है कि पप्पू बंसल के बयान के आधार पर ही बेटे चैतन्य बघेल को ईडी ने गिरफ्तार किया है। शराब घोटाला केस की ईडी, और ईओडब्ल्यू-एसीबी में अलग-अलग जांच चल रही है।

**पप्पू पर दबाव बनाकर बयान दिलवाया**

कांग्रेस का आरोप है कि पप्पू पर दबाव बनाकर चैतन्य के खिलाफ बयान दिलवाया गया है, और गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद खुलेआम घूम रहा है।
प्रदेश कांग्रेस ने विशेष अदालत से ईओडब्ल्यू-एसीबी के आवेदन पर जारी गिरफ्तारी वारंट का आदेश सोशल मीडिया पर जारी किया। इसके मुताबिक ईओडब्ल्यू-एसीबी ने 19 मई को पप्पू बंसल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के लिए आवेदन लगाया था। आवेदन में यह कहा गया कि आरोपी पप्पू बंसल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध होने के 16 महीने से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी फरार है। आरोपी को पेश होने के लिए निवास पर नोटिस भी प्रेषित किया गया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। विशेष अदालत ने आवेदन स्वीकार करते हुए 23 मई को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। वारंट जारी होने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

## छत्तीसगढ़ को स्किल हब बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

- **मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा समाज के हर वर्ग की भागीदारी से ही बनेगा विकसित छत्तीसगढ़...**
- **स्किल इंडिया मिशन ने देश की तस्वीर बदली, अब छत्तीसगढ़ बना रहा है नया इतिहासःमुख्यमंत्री श्री साय**




**रायपुर,20 जुलाई 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि हम विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर कार्यरत हैं,और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री साय आज भिलाई स्थित रूंगटा यूनिवर्सिटी में आयोजित विश्व युवा कौशल उत्सव 2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह आयोजन इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया जाएगा। गोल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने 8183 प्रतिभागियों को एक सप्ताह के भीतर दिए गए प्रशिक्षण को प्रमाणित किया है और संस्थान को इसका प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने रूंगटा यूनिवर्सिटी प्रबंधन को इस निःशुल्क और अभूतपूर्व आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं दक्ष बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भिलाई को इस्पात नगरी के साथ-साथ मिनी इंडिया भी कहा जाता है और शिक्षा के क्षेत्र में रूंगटा यूनिवर्सिटी का योगदान अत्यंत सराहनीय है

## कांग्रेस पार्टी ने ईडी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**केंद्र सरकार का फूंका पुतला**



**बिलासपुर,20 जुलाई 2025 (ए)।** ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में बिलासपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ज़ोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी (शहर व ग्रामीण) के आह्वान पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से नेहरू चौक तक रैली के रूप में पहुंचे, जहां उन्होंने ईडी और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।
जल-जंगल-जमीन किसके नाम?–अडानी के नाम! जैसे नारों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। पुलिस की मौजूदगी में युवाओं की टोली ने पुतले को आग के हवाले कर दिया, जिसे बुझाने के प्रशासन के प्रयास विफल हो गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने इस मौके कहा कि ईडी की कार्रवाई योजनाबद्ध और राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है। उन्होंने आंकड़ों के साथ दावा किया कि 2014 से 2024 के बीच ईडी ने 7264 छापे मारे, लेकिन सिर्फ 63 लोगों को ही सजा हुई। यह दिखाता है कि ईडी का इस्तेमाल विपक्ष को डराने के लिए किया जा रहा है।
पांडेय ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की गिरफ्तारी तमनार जंगल कटाई मुद्दे से ध्यान भटकाने की रणनीति है। उन्होंने कहा, कि विधानसभा में तमनार को लेकर सवाल लगा था और उसी दिन यह कार्रवाई हुई। इससे साफ है कि अडानी को बचाने का खेल खेला जा रहा है। पूर्व महापौर राम शरण यादव, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक सहित अन्य नेताओं ने इस मौके पर सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद इंग्रिड मैकलाउड,पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक,राजेंद्र साहू,शेख नजीरुद्दीन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आधे घंटे तक चैतन्य बघेल से भूपेश बघेल ने की मुलाकात



**रायपुर,20 जुलाई 2025(ए)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे की शराब घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद रायपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन जारी है। इस बीच भूपेश बघेल बेटे चैतन्य से मिलने ईडीऑफिस पहुंचे। बघेल के साथ उनकी बेटी और बहू भी मौजूद रही। भूपेश बघेल ने बताया कि बेटे से आधे घंटे मुलाकात हुई। उन्होंने बेटे से कहा कि आज अगर तुम्हारे दादा जिंदा होते तो वह बहुत खुश होते, क्योंकि तुम्हारे दादा ने पूरी जिंदगी अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जेल जाते रहे। तुम भी अब इस लड़ाई में शामिल हो। बघेल ने आगे कहा कि सरकार डरा-धमकाकर और बदनाम करके विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है।

## आत्मानंद स्कूलों के शिक्षक-कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**नियमित वेतन,नियमितीकरण की कर रहे मांग...**



**रायपुर,20 जुलाई 2025(ए)।** कांग्रेस के शासनकाल में प्रदेश भर में शुरू किये गए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के स्टाफ ने शिक्षा विभाग में संविलियन और नियमतिकरण की मांग तेज कर दी है। इसी कड़ी में इन स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने आज एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और सीएम विष्णुदेव साय के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। यह धरना-प्रदर्शन संघ के संरक्षक तापस रॉय, प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के मार्गदर्शन, रायपुर संभाग में संभाग अध्यक्ष संजीव कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला रायपुर के जिला अध्यक्ष पायल कश्यप के नेतृत्व में दिया गया। संघ ने नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण की मांग की है, इनकी दूसरी मांग शिक्षा विभाग में समावेशन (संविलियन) एवं नियमितीकरण की है।

## रायगढ़ फ्लाई ऐश स्कैम



**शिकायत,सबूत,जुर्माना,लेकिन जांच बाकी ?**

**रायगढ़,20 जुलाई 2025(ए)।** औद्योगिक जिले के टैग के साथ रायगढ़ को प्रदूषण, फ्लाई ऐश, बीमारिया और सड़क हादसे सौगात में मिले हैं। यहां दिन-ब-दिन ऐसी समस्याएं बढ़ती जा रही है लेकिन अब इन मामलों के खिलाफ आवाज उठने लगे हैं। प्रदूषण और फ्लाई ऐश डंपिंग के खिलाफ जिला कलेक्टर, जिला सत्र न्यायालय और जिला पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत और जांच की मांग की गई है। शिकायत में दावा है कि अगर फ्लाई ऐश परिवहन की सही तरीके से जांच की जाए तो यह पूरा मामला एक बड़े घोटले के रूप उजागर हो सकता है।

## नक्सलियों के बिछाए आईईडी की चपेट में आया नाबालिग



**पैर और चेहरे पर आई गंभीर चोटें, इलाज जारी**

**बीजापुर,20 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों के प्लांटेड आईईडी का शिकार गांव का नाबालिग हो गया। इस जोरदार विस्फोट के कारण नाबालिग के पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. फिलहाल घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है. घटना भोपालपट्नम थाना क्षेत्र की है।

## दोस्त ही निकला हत्यारा

**शराब पीने के दौरान हुए विवाद में सिर पर पत्थर मारकर उतारा था मौत के घाट**

**दुर्ग,20 जुलाई 2025(ए)।** धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम जाताघर्रा में 17 जुलाई की शाम एक मजदूर की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मृतक मानसिंह वल्के की हत्या उसके साथी कैलाश बिसेन ने पैसों के लेन-देन के विवाद में की थी। झगड़े के दौरान आरोपी ने पत्थर से सिर पर वार कर मानसिंह की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, 17 जुलाई की शाम 07.00 बजे आरोपी कैलाश बिसेन और मानसिंह के बीच शराब पीने के बाद झोपड़ी में पैसे के लेन-देन की बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। इस बीच मृतक और आरोपी के बीच हाथापाई भी हुई। उसी बीच आरोपी ने मानसिंह को जान से मारने के लिए वहीं पास में रखे बोल्डर-पत्थर के ढेर से एक पत्थर को उठाकर उसके सिर के पीछे भाग में प्राणघातक हमला किया था, जिससे गंभीर चोट लगने से मानसिंह की मौत हो गई।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)